# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




*छत्तीसगढ़ में हुए नगरीय निकायों के चुनाव के लिए हुए मतदान के बाद सामने आए आंकड़ों ने कई चिंताएं पैदा की हैं। कई जिलो में आधे लोग भी वोट डालने नहीं निकले। रायपुर और बिलासपुर जैसे शहरी इलाकों में आधे लोगों ने भी वोट नहीं डाले। वहीं चौंकाने वाले आंकड़े महिला वोटरों को लेकर हैं।*

**बस्तर के चार जिलों में महिलाओं ने किए अधिक वोट शहरों में कम**

रायपुर और बिलासपुर में आधी महिलाओं ने नहीं किया मतदान

# रिझाने के लिए खूब घोषणाएं, लिस्ट में संख्या भी ज्यादा लेकिन 26 जिलों में महिलाएं नहीं निकली वोट डालने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहरी इलाकों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है, लेकिन वोट डालने के मामले में महिलाएं पीछे रह गईं। उल्लेखनीय है कि भाजपा-कांग्रेस दोनों ने अपने चुनावी घोषणा पत्रों में महिलाओं को रिझाने के लिए कई घोषणाएं की थीं। लेकिन महिलाओं पर इसका असर कम ही नजर आया। राज्य के 33 में से केवल सात जिलों में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले कुछ अधिक वोटिंग की है, लेकिन राज्य के अन्य सभी जिलों में पुरुष मतदाता ही वोट डालने अधिक संख्या में निकले। छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में कुल 44 लाख 74 हजार ▶▶ शेष पेज 4 पर

**अलग खबर**

## कोरिया में सबसे अधिक महिलाओं ने वोट डाले

राज्य के 33 जिलों में से पांच ऐसे जिले हैं जहां महिलाओं के सबसे अधिक वोट पड़े हैं। यह संख्या पुरुषों से अधिक है। इन जिलों में पहले नंबर पर कोरिया जिला है जहां की 84.49 प्रतिशत महिलाओं ने वोट किया है। लेकिन इस जिले में महिलाओं के मुकाबले पुरुषों ने एक प्रतिशत अधिक वोटिंग की है।



## यहां महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक

राज्य के 33 में से सात जिले ऐसे हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही। इनमें रायगढ़, मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर, खैरागढ़- छुईखदान- गंडई सहित बस्तर संभाग के जिले कोंडागांव, सुकमा, नारायणपुर, और बीजापुर शामिल हैं।

## चार जिलों की महिलाओं ने अधिक वोट डाले

- कोरिया में 84.49 प्रतिशत महिलाओं ने वोट किया है।
- गरियाबंद जिला है जहां 83.90 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया
- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 83. 51 प्रतिशत महिला मतदान
- बलरामपुर जिले में महिलाओं ने 79.20 प्रतिशत वोटिंग

## सबसे कम मतदान बिलासपुर जिले में

- बिलासपुर जिले में केवल 50.30 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान
- रायपुर जिले में वोट डालने वाली महिलाओं की संख्या 52.26 प्रतिशत
- कोरबा में 63.77 प्रतिशत
- सरगुजा में 64 प्रतिशत
- सूरजपुर में वोट डालने वाली महिलाओं की संख्या 65.02 प्रतिशत रही।

## खबर संक्षेप

### मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 50 के नोट जारी करेगा बैंक

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 50 रुपए के बैंक नोट जल्द ही जारी करेगा।



मल्होत्रा ने दिसंबर 2024 में शक्तिकान्त दास का स्थान लिया था। केंद्रीय बैंक ने बुधवार को बयान में कहा, इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 50 रुपए के बैंक नोटों के समान होगा। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पूर्व में जारी किए गए 50 रुपये मूल्य के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

### मिनीबस-ट्रैक्टर-ट्रेलर की टक्कर, चार की मौत

**कानपुर।** यूपी के फतेहपुर जिले में बुधवार सुबह एक मिनी बस और ट्रैक्टर-ट्रेलर के बीच टक्कर होने से चार लोगों की मौत हो गई।



हादसे में 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान मिनी बस चालक विवेक सिंह (27) और श्रद्धालु प्रेम कांत झा (55), दिगंबर झा (52) एवं विमल चंद्र झा (50) के रूप में हुई है। सभी नयी दिल्ली के निवासी थे। प्रयागराज जाने वाली मिनी बस में 21 यात्री सवार थे। इनमें से कुछ लोग महाकुंभ जा रहे श्रद्धालु थे।

### इंद्राणी को नहीं मिली विदेश यात्रा की इजाजत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शीना बोरा की हत्या की आरोपी उसकी मां इंद्राणी मुखर्जी की विदेश यात्रा की अनुमति देने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी। इंद्राणी ने



बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने भी उसे विदेश यात्रा की अनुमति नहीं दी थी। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह मामले की कार्यवाही एक साल के भीतर पूरी करे।

### पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास मिला मोर्टार का गोला

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास



बुधवार को सेना के जवानों ने जंग लगा मोर्टार का गोला बरामद किया। अधिकारी ने बताया कि मेंढर उप-मंडल के मानकोटे सेक्टर में एक खेत में मोर्टार का गोला पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि सेना ने इलाके की घेराबंदी की और उसके विशेषज्ञों ने मोर्टार के गोले को हटाया। उसके बाद विशेषज्ञों ने मोर्टार शेल को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। गौरतलब है कि इससे पहले भी इस क्षेत्र में मोर्टार के गोले मिल चुके हैं।

## रायपुर में केवल 48.05 फीसदी मतदान हुआ, बिलासपुर में 51.63 फीसदी ही वोट पड़े

**रायपुर-बिलासपुर के इतिहास में सबसे कम वोटिंग, वजह...**

# वार्ड बदल गए, वोटर भटकते रहे, ईसी ने कहा- पर्चियां एसडीएम को दीं, एसडीएम ने कहा- निगम को भेजीं

*नगरीय निकाय चुनाव में नगर निगम रायपुर और बिलासपुर सहित कई अन्य जिलों में राज्य बनने के बाद से अब तक का सबसे कम मतदान हुआ है। मतदान कम होने के कारणों में परिसीमन और मतदाता सूची में गड़बड़ी और मतदाता पर्ची न बंटने को माना जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता पर्ची एसडीएम को भेजी गई थी। निर्वाचन पर्ची बांटने का काम निगम को होता है। वहीं रायपुर एसडीएम नंदकुमार चौबे ने कहा, निर्वाचन से मतदाता पर्ची मिली थी, जिसे नगर निगम को भेज दिया गया था। वहां से पर्ची क्यों नहीं बंटी पता नहीं।*

**भाजपा-कांग्रेस, दोनों ही दलों ने माना, लापरवाही हुई, पर्ची नहीं बंटी, वोटर भटकते रहे**

**रायपुर और बिलासपुर में अब तक का सबसे कम मतदान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में इस बार 48.05 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके पूर्व 2019 में 55 और 2014 में 60.14 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई थी। जानकारों का मानना है कि इस बार अब तक का सबसे कम मतदान हुआ है। मतदान कम होने के पीछे जो वजह बताई जा रही है, उनमें मतदान के पूर्व मतदाता पर्ची नहीं बंटना, वार्ड का परिसीमन गलत और मतदाता सूची को वार्ड के अनुसार जारी किए जाने में गड़बड़ी प्रमुख कारण है। मतदाता अब तक जिन मतदान केंद्रों में वोटिंग करते थे वहां पर उनका नाम न होकर दूसरे वार्ड में होने से उन्हें परेशान होना पड़ा। परेशानी के कारण वोटरों ने मतदान नहीं किया।



### हमने पर्चियां एसडीएम को भेज दी थीं: भुरे

*राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने साफ कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता पर्ची जिले के एसडीएम को भेजी गई थी। उसे बंटवाने का काम निगम का होता है। जिले के एसडीएम ने यह माना कि निर्वाचन से मतदाता पर्ची मिली थी, जिसे निगम को भेजा गया था। वहां से नहीं बंटी। अफसरों ने इससे पूरी तरह से पल्ली झाड़ लिया है।*

### अफसरों ने नहीं दिखाई गंभीरता- मूणत

*रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कहा, शहर में मतदान कम होने के पीछे परिसीमन और मतदाता सूची का वार्ड से मेल नहीं खाना रहा है। उन्होंने कहा जो वार्डों का परिसीमन हुआ उससे मतदाता सूची का बूथ नंबर और भाग क्रमांक मेल नहीं खाने से कई मतदाताओं को भटकना पड़ा। उन्होंने कहा,* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अव्यवस्था के बीच हुआ चुनाव : प्रमोद

कांग्रेस नेता और नगर निगम के पूर्व मेयर प्रमोद दुबे ने कहा, परिसीमन गलत हुआ है। ऐसे अधिकारियों ने बंद कमरे में बैठकर तैयार किया था। वास्तविकता कुछ और थी, इसके कारण मतदान प्रतिशत में कमी आई है वह देखने को मिला। पूरे प्रदेश में 90 से 100 जगह ईवीएम बंद पाया गया। शहर में मतदान प्रतिशत में कमी आई है। उन्होंने कहा, गुढ़ियारी क्षेत्र में एक दिन में ही मतदान केंद्र बदल गया। निर्वाचन आयोग ने अव्यवस्था के बीच चुनाव कराया है। सरकार तो नहीं चाहती थी, चुनाव हो, आधे-अधूरे तैयारी में चुनाव कराना था इसलिए कराया गया।

### सर्वे कराकर तैयार करनी थी मतदाता सूची : श्रीवास्तव

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने मामले में कहा, परिसीमन भौतिक रूप से होना था, यह कमी पाई गई। वार्डों में 10-15 बूथ होते हैं। यहां पर परिसीमन के बाद निर्वाचन आयोग को सर्वे कराकर मतदाता सूची तैयार करनी थी, जो नहीं किया गया। मतदाताओं को इसक कारण भटकना पड़ा। मतदाता पर्ची बंटनी थी वह भी जिला प्रशासन के अफसरों ने नहीं बंटवाया। कम वोटिंग को लेकर उन्होंने कहा, उप चुनाव के दौरान भी कम वोटिंग हुआ था। असल में कांग्रेसियों की हरकत की वजह से कांग्रेसी वोटर मतदान करने नहीं निकले।

**मतदाता खोजते रहे अपना नाम और मतदाता क्रमांक**

## 15 सालों में सबसे कम वोटिंग, वार्डों का परिसीमन सबसे बड़ा कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नगरीय निकाय चुनाव में 51 प्रतिशत से कम वोटिंग ने निर्वाचन विभाग की तमाम कोशिशों पर पानी फेरने का काम किया है। पिछले 15 सालों में यह वोटिंग का सबसे कम प्रतिशत रहा है। इसका सबड़े बड़ा कारण वार्डों के परिसीमन को माना जा रहा है, जिसमें मतदाताओं को यह जानकारी ही नहीं मिल सकी कि उन्हें किस बूथ पर और किस वार्ड में वोट डालना है। मतदाता दिन भर अपना नाम खोजते रहे। यहां तक की कई घरों में तो पर्चियां तक नहीं पहुंची। हाल यह रहा कि पति का नाम ▶▶ शेष पेज 4 पर



### पति- पत्नी के नाम अलग-अलग वार्डों में

मतदाता विमलेश विमल ने बताया कि सालों से वह लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव में परिवार सहित मतदान करते आ रहे हैं। इस बार लेकिन परिसीमन ने अजीब हालत कर दिया। परिवार के सभी सदस्यों का नाम वार्ड क्रमांक 60 में था जबकि उनकी पत्नी श्रीमती अंजू विमल का नाम वार्ड क्रमांक 62 में कर दिया गया। एक ही घर में रहने वाले लोगों का नाम अलग कैसे हुए इसका जवाब कोई नहीं दे रहा है और वोट डालने के लिए दिन भर परेशान होना पड़ा। बड़ी मुश्किल से स्थिति साफ हो सकी। सरकंडा निवासी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सिख विरोधी दंगा**

# 41 साल बाद न्याय, सज्जन दोषी, 18 को मिलेगी सजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

1984 के सिख विरोधी दंगे के एक और मामले में कांग्रेस के पूर्व नेता सज्जन कुमार को दोषी करार दिया गया है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को सरस्वती विहार में बाप-बेटे की हत्या के मामले में दोषी पाया गया है। सज्जन कुमार की सजा पर 18 फरवरी को बहस होगी। दंगे की ही एक अन्य केस में वह इस समय उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली में बड़े पैमाने पर सिख विरोधी दंगे भड़क उठे थे, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे। 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई थी। राउज एवेन्यू कोर्ट में स्पेशल जज कावेरी बवेजा ने बुधवार को सज्जन कुमार को दोषी करार दिया। जिस वक्त फैसला सुनाया गया, सज्जन कुमार अदालत में ही मौजूद थे। सज्जन कुमार पिछले 6 साल से जेल में बंद हैं, उन्हें जेल से कोर्ट लाया गया था।

- सिख दंगे के एक अन्य मामले में काट रहे उम्रकैद

### *सिख दंगों में क्या रही थी भूमिका?*

*सज्जन कुमार का नाम दिल्ली में सिखों के खिलाफ दंगों को भड़काने में आता है। खासकर दिल्ली के सुल्तानपुरी, कैंट और पालम कॉलोनी जैसे इलाकों में। दंगों के पीड़ितों के मुताबिक, 1 नवंबर 1984 को दिल्ली में भीड़ को संबोधित करते हुए सज्जन कुमार को कहते सुना गया था- हमारी मां मार दी, सरदारों को मार दो। सज्जन सिंह के खिलाफ दायर मामलों में कई गवाहों ने अपने बयान में कहा कि सज्जन सिंह ने निजी तौर पर सिखों के घरों की पहचान करवाकर भीड़ को हमले के लिए उकसाया था। आरोप ये भी थे कि सज्जन सिंह के समर्थकों ने दिल्ली में वोटर लिस्ट के जरिए सिखों के घर और बिजनेस की पहचान की।*

### इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़की थी हिंसा

अभियोजन पक्ष के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद एक भीड़ घातक ने हथियारों से लैस होकर सिखों से 'बदला' लेने के लिए बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी की। भीड़ ने शिकायतकर्ता के घर पर जाकर लूटपाट की, पति और बेटे को मार डाला और इसके बाद घर में आग लगा दी थी। कोर्ट ने पाया कि सज्जन कुमार ना सिर्फ इसमें शामिल थे बल्कि भीड़ की अगुआई कर रहे थे।

**सेक्स पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला**

# सहमति नहीं, फिर भी रेप का आरोप नहीं लगा सकती पत्नी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के संबंधों को लेकर अहम फैसला सुनाया। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की बेंच ने कहा कि अननेचुरल सेक्स करने पर भी पत्नी अपने पति पर रेप या अप्राकृतिक कृत्य करने का आरोप नहीं लगा सकती, जब तक वह नाबालिग न हो। इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने पत्नी के साथ रेप और अननेचुरल सेक्स के आरोपी पति को बरी करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा है कि उसे तत्काल रिहा किया जाए। हालांकि पति पर आरोप लगाने वाली पत्नी की 2017 में मौत हो ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ट्रायल कोर्ट ने सुनाई थी 10 साल की सजा

मरने से पहले महिला के दिए बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 376 और 377 के तहत केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया था। मामले में ट्रायल चला, तब कोर्ट ने पति को धारा 377, 376 और 304 यानी की गैरइरादतन हत्या के लिए दोषी ठहराया। ट्रायल कोर्ट ने 11 फरवरी 2019 को 10 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट के फैसले के खिलाफ आरोपी पति ने हाईकोर्ट में अपील की थी। इसके ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सेना के जवानों ने बीच जंगल में उतारा हेलीकॉप्टर, फिर घायल जवानों को रेस्क्यू किया**

# 26 नक्सलियों पर था एक करोड़ का इनाम, पांच की अब तक शिनाख्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नेशनल पार्क एरिया स्थित फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के जंगल में हुए मुठभेड़ में मारे गए 31 नक्सलियों में 26 की शिनाख्त हो चुकी है, जिन पर एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। मारे गए एसीएम कैडर के 16 पर 5-5 लाख का एक डीवीसीएम पर 8 लाख तथा शेष पर 2-2 लाख का इनाम घोषित था। मारे गए 26 नक्सलियों की शिनाख्त हुई। इनमें एसीएम प्लाटून 13 का रघु पूनेम के अलावा सन्नू ▶▶ शेष पेज 4 पर


हरिभूमि

माओवाद पर सबसे बड़ा प्रहार, मारे गए 31 नक्सली, दो जवान भी शहीद

### *मुठभेड़ में मारे गए 26 नक्सलियों पर 1 करोड़ का इनाम*

*बुधवार देर शाम तक मुठभेड़ में मारे गए 26 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है, जिन पर एक करोड़ का इनाम घोषित था। शेष बचे 5 नक्सलियों के शिनाख्त के लिए सरेंडर नक्सली व आसपास के गांव के ग्रामीणों की मदद ली जा रही है। नक्सल संगठन के पास अब हिंसा छोड़कर* ▶▶ शेष पेज 4 पर

**हरिभूमि के खुलासे के बाद हड़कंप, आयुष्मान में कई गड़बड़ियां और उजागर**

# आयुष्मान स्वाहा: 175 बेड के हास्पिटल में डाक्टर मिला एक, टीएमसी पोर्टल में 66, अस्पताल में मिले 17

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**हरिभूमि लगातार**

हरिभूमि में बुधवार को प्रकाशित खबर के बाद हड़कंप मचा हुआ है। हरिभूमि ने आयुष्मान योजना में की जा रही गड़बड़ी का खुलासा किया था। उसके बाद कई मामले और उजागर हुए हैं। निजी अस्पतालों द्वारा डाक्टरों सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की जानकारी देने में भी जमकर धांधली कर रहे हैं। स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा किए सर्जिकल स्ट्राइक में इस तरह के फर्जीवाड़ा भी सामने आया है। दुर्ग के एक 175 बेड के मल्टीस्पेशलिटी हास्पटिल में छापे के दौरान तीन डाक्टर मिले। ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल में भर्ती मरीजों की संख्या 66 थी मगर बेड में केवल 17 पाए। ज्यादातर अस्पतालों में अतिरिक्त ▶▶ शेष पेज 4 पर


पुरुष और महिला मरीज एक ही बेड पर पाए गए

मरीज को आईसीयू में ले गए, फोटो खींचा और काटे रुपए, कहीं आयुर्वेद डा. से कराया इलाज

### यहां भी मिली गड़बड़ी

- बिलासपुर के महादेव हास्पिटल में सामान्य मरीजों को आईसीयू में भर्ती किया गया। सौ बेड के इस अस्पताल में एकमात्र एमबीबीएस डाक्टर मिला। एसएनसीयू में कोई योग्य और प्रशिक्षित नर्स मौजूद नहीं थी।
- भिलाई के स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल में ड्यूटी डाक्टर और पंजीकृत मरीज नहीं थे। अतिरिक्त पैसे की डिमांड की शिकायत थी। अस्पताल के कर्मचारियों ने चैंबर में विजिटिंग टीम को रिश्वत की पेशकश की गई।
- एसआर हास्पिटल दुर्ग 180 बिस्तरों के लिए सूचीबद्ध किया गया था, जांच के दौरान वहां भर्ती मरीज की देखभाल के लिए 10 कर्मचारी मिले। शिविर लगाकर जांच और कमर और जोड़ों के दर्द के लिए आयुष्मान से मरीज भर्ती।
- बिलासपुर के श्रीकृष्णा हास्पिटल में पोर्टल में 24 मरीज पंजीकृत मगर अस्पताल में 13 भर्ती थे। ड्युटी के लिए एमबीबीएस डाक्टर और योग्य नर्सिंग स्टाफ की कमी। एक्सरे, सीटी स्कैन, लैब जांच के लिए शुल्क।

## माघी पूर्णिमा पर स्नान के लिए उमड़ा जन सैलाब




प्रयागराज। प्रयागराज, यूपी में चल रहे महाकुंभ मेले 2025 के दौरान माघी पूर्णिमा पर संगम में बुधवार को पवित्र डुबकी लगाते श्रद्धालु। माघी पूर्णिमा पर स्नान के लिए यहां जनसैलाब उमड़ पड़ा। संगम से 10 किमी तक जबरदस्त भीड़ रही। पावन डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं और तपस्वियों पर 'पुष्प वर्षा' की गई। महाकुंभ 2025 का ये पांचवां स्नान था। इसके बाद अब महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान होगा। 13 जनवरी से अब तक करीब 46 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।



वाराणसी। माघी पूर्णिमा उत्सव के दौरान जूना अखाड़े के नागा साधु पेशवाई जुलूस में हिस्सा लेते हुए।



दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने भी बेटे जयवर्धन सिंह के साथ माघी पूर्णिमा पर पवित्र स्नान किया।



पवित्र स्नान के दौरान अनुष्ठान करते हुए साधु।



पवित्र स्नान के बाद प्रार्थना करते श्रद्धालु।



क्रिकेटर अनिल कुंबले स्नान के बाद।



अयोध्या। अयोध्या में हनुमान गढ़ी मंदिर के पास श्रद्धालु।

**मोदी-मैक्रों में हुई बात**

# भारत से पिनाका रॉकेट लॉन्चर खरीदेगा फ्रांस

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का आह्वान किया। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और विभिन्न वैश्विक मंचों में अपनी सहभागिता को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। बताना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मोदी और मैक्रों ने बुधवार को दक्षिणी फ्रांस के मार्सिले में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं का भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी और मैक्रों ने दो विश्व युद्धों में शहीद हुए भारतीय सैनिकों के बलिदान को श्रद्धांजलि दी। संयुक्त बयान में कहा गया है कि मोदी और मैक्रों ने मार्च 2026 में नई दिल्ली में 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' की शुरुआत की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि फ्रांस द्वारा भारत के पिनाका रॉकेट लॉन्चर की खरीद से दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों में मजबूती आएगी।

**खास बातें**

- आतंकवाद-परमाणु ऊर्जा समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई दोनों देशों के राष्ट्र प्रमुखों में
- फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का किया समर्थन



### यूएनएससी में सुधार की जरूरत

दोनों नेताओं की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयामों के साथ-साथ प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों को शामिल किया गया। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और सुरक्षा परिषद के मामलों सहित विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर समन्वय करने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने मार्सिले में बातचीत के दौरान द्विपक्षीय संबंधों एवं वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही मोदी और मैक्रों ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को लेकर प्रतिबद्धता भी दोहराई। मैक्रों ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए फ्रांस के दृढ़ समर्थन को दोहराया।

### मोदी ने मार्सिले के लोगों को दिया धन्यवाद

प्रधानमंत्री मोदी ने मार्सिले के लोगों और फ्रांस के एक्टिविस्ट्स को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका के लिए धन्यवाद दिया क्योंकि उन्होंने मांग की थी कि सावरकर को ब्रिटिश हिरासत में न सौंपा जाए। ब्रिटिश शासन के दौरान जुलाई, 1910 में सावरकर ने ब्रिटिश जहाज मोरिया से भागने की कोशिश की थी। वे जहाज के पोर्टहोल से भाग निकले, तैरकर किनारे पर पहुंचे और फ्रांसीसी अधिकारियों ने उन्हें पकड़ लिया और उन्हें ब्रिटिश अधिकारियों को सौंप दिया था। बाद में उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की सेलुलर जेल में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। यह प्रधानमंत्री मोदी की छठी फ्रांस यात्रा है। फ्रांस से प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कामकाज संभालने के बाद मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा है।

### भारत के नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को संयुक्त रूप से मारसेई शहर में भारत के नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। दोनों नेताओं ने बटन दबाकर संयुक्त रूप से मारसेई शहर में नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन से पहले, मोदी और मैक्रों ने ऐतिहासिक माजारग्वेज कब्रिस्तान का दौरा किया और पहले विश्व युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। बाद में, दोनों नेताओं ने भीड़ में मौजूद कुछ लोगों से बातचीत भी की।

**46 मिनट तक इस्लामाबाद में मचा रहा हड़कंप**

# फ्रांस जाते समय पाक में घुस गया था मोदी का विमान



एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

नई दिल्ली से फ्रांस की उड़ान भरने के दौरान रास्ते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान पाकिस्तान में घुस गया था। करीब 46 मिनट तक पीएम मोदी का विमान पाकिस्तान के एयरो स्पेस में रहा। इससे इस्लामाबाद में हड़कंप मच गया। पाकिस्तान के एआरवाई न्यूज ने यह जानकारी दी है। एआरवाई न्यूज ने नागरिक उड्डयन स्रोतों का हवाला देते हुए बताया कि भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के विमान ने नई दिल्ली से पेरिस की यात्रा के दौरान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया।

पीएम नरेंद्र मोदी का विमान 'इंडिया 1' शेखपुरा, हफीजाबाद, चकवाल और कोहाट से पाकिस्तानी क्षेत्र में प्रवेश किया और 46 मिनट तक पाकिस्तान की सीमा में रहा। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने आगे कहा कि अफगान हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण भारतीय पीएम के विमान को अनुमति दी गई थी। यह पहली बार नहीं है कि भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी के विमान ने पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया हो।

### रात 11 बजे पाकिस्तान में घुसा पीएम मोदी का विमान

नई दिल्ली से उड़ान भरने के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान रात करीब 11 बजे पाकिस्तानी सीमा में दाखिल हुआ और 46 मिनट तक देश की सीमा में रहा। इससे पहले नरेंद्र मोदी ने जब यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिलने के लिए कीव के रास्ते में पोलिश राजधानी वारसॉ का दौरा किया था, तब भी उनका विमान पाकिस्तान से गुजरा था। पाकिस्तान ने नागरिक उड़ानों के लिए सभी हवाई क्षेत्र प्रतिबंध मार्च 2019 में हटा दिए और अपने क्षेत्र पर एक महत्वपूर्ण पारगमन हवाई गलियारे को फिर से खोल दिया।

**कश्मीर हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला**

# 'परिजन के आतंकवादी होने से पासपोर्ट पर नहीं लग सकती रोक'

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि किसी भी व्यक्ति के पासपोर्ट जारी करने पर रोक सिर्फ इसलिए नहीं लगाई जा सकती कि उसके भाई और पिता आतंकवादी गतिविधियों में शामिल हैं। हाईकोर्ट ने क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्रीनगर को एडीजीपी सीआईडी की नई रिपोर्ट पर रामबन निवासी मलिक के मामले पर विचार करने और मलिक के पक्ष में उचित आदेश पारित करने के निर्देश दिए हैं। मोहम्मद आमिर मलिक द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति एम.ए चौधरी की पीठ ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी को निर्देश दिया है कि वो 4 सप्ताह के भीतर क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी को मलिक के भाई और पिता के आचरण या गतिविधियों से प्रभावित हुए बिना फिर से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अदालत ने कहा कि अधिकारियों को मलिक के पासपोर्ट जारी करने के मामले की सिफारिश नहीं करने का अधिकार निश्चित रूप से होता, अगर उसके खिलाफ कोई भी आरोप या किसी भी विध्वंसक गतिविधियों में उसकी संलिप्तता होती, जिसे राज्य की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक माना जा सकता।

### इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक ने किया था आवेदन

इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारक होने के नाते, मलिक ने कहा कि वो करियर के रूप में अच्छी नौकरी की तलाश में विदेश जाना चाहता था और इस तरह उसने 6 सितंबर 2021 को ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पासपोर्ट जारी करने के लिए आवेदन किया था और उसे सूचित किया गया था कि उसके मामले पर सीआईडी/पुलिस सत्यापन आदि के बाद कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, उसे पासपोर्ट जारी नहीं किया गया इसलिए उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया।

डॉ. वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
HMS शिव मस्सा नाशक

**हरियाणा भाजपा में चल रहा घमासान**

# नरम नहीं पड़े विज के तेवर, 8 पेज में दिया नोटिस का जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा की अंबाला सीट से 7 बार के विधायक, हरियाणा सरकार में मंत्री और बीजेपी के सीनियर नेता अनिल विज के तेवर कम नहीं हुए हैं। बीजेपी ने सीएम नायब सिंह सैनी को लेकर दिए गए बयानों को लेकर उन्हें जो नोटिस भेजा था, उसका अनिल विज ने जवाब दे दिया है। विज ने यह जवाब 8 पेज में दिया है। मंत्री अनिल विज ने कहा,'तीन दिन से बेंगलुरु में था। कल घर आकर नहाया, फिर खाना खाया और उसके बाद बैठकर चिट्ठी का जवाब दिया। तीन दिन का समय दिया गया था लेकिन आज समय से पहले मैंने जवाब दे दिया है। विज ने बताया कि उन्होंने इस चिट्ठी में लिखा है कि अगर और किसी बात का जवाब चाहिए तो वो भी देने को तैयार हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि नोटिस मीडिया में कैसे आया और क्यों आया।



### कल बोले थे- बेंगलुरू गया था, अब दूंगा जवाब

बता दें कि अनिल विज ने मंगलवार को कहा था कि हरियाणा भाजपा द्वारा उन्हें जारी किए गए कारण बताओ नोटिस पर पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पद के खिलाफ उनके हालिया सार्वजनिक बयानों पर 3 दिनों के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया है। हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने कहा, ' मैं बेंगलुरु से लौट आया हूं। मैं जवाब लिख दूंगा। और इसे हाईकमान को भेजूंगा।'

### यह है मामला

हाल में विज ने दावा किया था कि पिछले अक्टूबर में उन्हें अंबाला कैंट सीट से चुनाव हराने के लिए साजिश रची गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ तस्वीरें भी साझा की थीं और पोस्ट में लिखा, 'आशीष तायल जो खुद को नायब सैनी का मित्र बताते हैं, उनकी फेसबुक वॉल पर नायब सैनी के साथ अनेक चित्र मौजूद हैं। आशीष तायल के साथ विधानसभा चुनाव के दौरान जो कार्यकर्ता नजर आ रहे हैं वही कार्यकर्ता चित्रा सरवारा भाजपा की विरोधी उम्मीदवार के साथ भी नजर आ रहे हैं। 'तायल आज भी सैनी के दोस्त' अनिल विज ने सवाल किया था कि ये रिश्ता क्या कहलाता है?' विज की इस पोस्ट को लेकर ही बवाल मचा है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



### टॉप पांच राज्यों में महंगाई दर

- केरल–6.76 प्रतिशत
- ओडिशा– 6.05 प्रतिशत
- छत्तीसगढ़– 5.85 प्रतिशत
- हरियाणा 5.1 प्रतिशत
- बिहार–5.06 प्रतिशत

## सुस्त पड़ी औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार

माइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के खराब प्रदर्शन के कारण दिसंबर 2024 में देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर धीमी होकर 3.2 प्रतिशत रह गई। दिसंबर, 2023 में औद्योगिक उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ा था। इसके साथ ही सरकार ने नवंबर, 2024 के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आंकड़े को भी संशोधित कर पांच प्रतिशत कर दिया है। पिछले महीने जारी अस्थायी अनुमान में इसे 5.2 प्रतिशत बताया गया था।

# महंगाई से आम आदमी को बड़ी राहत पांच माह बाद सब्जी और दालें सस्ती!

## खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.3 प्रतिशत पर आई

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जनवरी महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.31 प्रतिशत पर आ गई जो पांच महीनों का निचला स्तर है। यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, अंडों और दालों की कीमतों में कमी के कारण आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर, 2024 में 5.22 प्रतिशत और जनवरी, 2024 में 5.1 प्रतिशत पर रही थी। इससे पहले सबसे कम मुद्रास्फीति अगस्त, 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अक्टूबर से ही गिरावट पर है। जनवरी में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 6.02 प्रतिशत थी, जो अगस्त, 2024 के 5.66 प्रतिशत के बाद सबसे कम थी।

### क्यों घटी महंगाई

इन आंकड़ों पर रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति उम्मीद से कहीं अधिक तेजी से घटकर पांच महीने के निचले स्तर पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं में नरमी रही। इस गिरावट ने नीतिगत ब्याज दर में कटौती के आरबीआई के फैसले की भी पुष्टि की।



### सरकार ने दिया है निर्देश

सरकार ने केंद्रीय बैंक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया हुआ है कि खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे। मुद्रास्फीति में आई हालिया नरमी को ध्यान में रखते हुए पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नीतिगत दर रेपो में पांच साल के अंतराल के बाद 0.25 प्रतिशत की कटौती की। एनएसओ ने कहा कि जनवरी, 2025 में ग्रामीण क्षेत्र में कुल और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। जनवरी में यह 4.64 प्रतिशत थी, जबकि दिसंबर में यह 5.76 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी में 6.31 प्रतिशत थी, जो दिसंबर, 2024 में 8.65 प्रतिशत थी।

### खुदरा महंगाई दर के आंकड़े

| आंकड़े जारी होने की तिथि | (महीना) | महंगाई दर |
|---|---|---|
| 12 फरवरी, 2025 | (जनवरी) | 4.31% |
| 13 जनवरी, 2025 | (दिसंबर) | 5.22% |
| 12 दिसंबर, 2024 | (नवंबर) | 5.48% |
| 12 नवंबर, 2024 | (अक्तूबर) | 6.21% |
| 14 अक्तूबर, 2024 | (सितंबर) | 5.49% |
| 12 सितंबर, 2024 | (अगस्त) | 3.65% |
| 12 अगस्त, 2024 | (जुलाई) | 3.54% |
| 12 जुलाई, 2024 | (जून) | 5.08% |
| 12 जून, 2024 | (मई) | 4.75% |
| 13 मई, 2024 | (अप्रैल) | 4.83% |
| 12 अप्रैल, 2024 | (मार्च) | 4.85% |
| 12 मार्च, 2024 | (फरवरी) | 5.09% |
| 12 फरवरी, 2024 | (जनवरी) | 5.10% |



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### यूपीएससी के ऑनलाइन आवेदन में बदलाव

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए अपने ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में कुछ बदलाव किए हैं। अभ्यर्थियों ने इसके माध्यम से आवेदन करते समय तकनीकी गड़बड़ियों की शिकायत की थी। आयोग ने हाल में सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए




### पीएम मोदी के विमान में बम की धमकी

**मुंबई।** मुंबई में एक व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर दावा किया कि आतंकवादी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्रा के दौरान उनके विमान पर हमला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह कॉल मंगलवार को आई थी, जिसके बाद पुलिस ने अन्य एजेंसियों को सूचित कर जांच शुरू की।



### सड़क हादसे में पत्नी-पत्नी की मौत, छह घायल

**जयपुर।** राजस्थान के श्रीमाधोपुर के पास बुधवार तड़के हुए एक सड़क हादसे में पति पत्नी की मौत हो गई। दुर्घटना में छह अन्य घायल हुए हैं। कार में सवार लोग आगरा से खाटूश्यामजी जा रहे थे। इसी दौरान, श्रीमाधोपुर के पास खंडेला रोड पर बंद पड़े रलावता टोल पर ये हादसा हो गया। हादसे में आगरा निवासी अजीत सिंह (35) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



### मुर्गा लड़ाई, छापे में 64 गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद में पुलिस ने फार्महाउस पर छापा मारा और मुर्गों की लड़ाई करवाने में कथित तौर पर शामिल 64 लोगों को गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीमों ने मंगलवार रात को थोलकट्टा के फार्महाउस पर छापा मारने पर पाया कि बड़े पैमाने पर मुर्गों की लड़ाई हो रही थी।



### छह एकड़ अफीम की खेती नष्ट

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षा बलों ने छह एकड़ में लगाई गई अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। यह अभियान न्यू कीथेलमनबी पुलिस थाना क्षेत्र के खोरीपोक और सेहजंग गांवों के बीच एक पहाड़ी श्रृंखला पर चलाया गया। मणिपुर सरकार ने 20,000 एकड़ में उगायी गयी अवैध अफीम फसल को नष्ट किया है।



## संसद में आज पेश होगा नया आयकर विधेयक-2025

# 'आकलन वर्ष' की जगह 'कर वर्ष', हमेशा के लिए बदल जाएगा टैक्स भरने का तरीका!

*आयकर प्रावधानों को सरल ढंग से पेश करने के लिए बनाए गए आयकर विधेयक, 2025 को गुरुवार को संसद में पेश किया जाएगा। इस विधेयक में 'आकलन वर्ष' जैसी जटिल शब्दावली की जगह 'कर वर्ष' की संकल्पना रखी गई है। नए विधेयक में 536 धाराएं, 23 अध्याय और 16 अनुसूचियां हैं। यह सिर्फ 622 पृष्ठों पर अंकित है। इसमें कोई नया कर लगाने की बात नहीं की गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नया आयकर विधेयक मौजूदा आयकर अधिनियम, 1961 की भाषा को सरल बनाता है। छह दशक पुराने मौजूदा कानून में 298 धाराएं और 14 अनुसूचियां हैं। जब यह अधिनियम पेश किया गया था, तब इसमें 880 पृष्ठ थे। नया विधेयक आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेने के इरादे से तैयार किया गया है। दरअसल पिछले 60 वर्षों में किए गए संशोधनों के कारण मौजूदा आयकर अधिनियम बहुत बड़ा हो गया है। नया आयकर कानून एक अप्रैल, 2026 से लागू होने की उम्मीद है। नए विधेयक में अनुषंगी लाभ (फ्रिंज बेनेफिट) कर से संबंधित अनावश्यक धाराओं को हटा दिया गया है। विधेयक के 'स्पष्टीकरण या प्रावधानों' से मुक्त होने की वजह से इसे पढ़ना और समझना आसान हो जाता है। इसके साथ ही आयकर ▶▶|शेष पेज 4 पर

- 1 अप्रैल से शुरू होने वाली 12 महीने की अवधि का करेगा प्रतिनिधित्व

### नए विधेयक में प्रीवियस ईयर की जगह होगा फाइनेंशियल ईयर

**ऐसा होगा**
- 23 अध्याय
- 16 अनुसूचियां
- 536 धाराएं




**एक्सपर्ट व्यू**

### होंगे बहुत सारे बदलाव

नए आयकर कानून के प्रावधानों पर नांगिया एंडरसन एलएलपी में कर साझेदार संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि नए विधेयक में टीडीएस संबंधित सभी धाराओं को सरल तालिकाओं के साथ एक ही खंड में एक साथ रखा गया है। उन्होंने कहा, इसका मतलब यह होगा कि इस विधेयक की अधिसूचना के बाद, रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए फॉर्म में बहुत सारे बदलाव करने होंगे। सीतारमण ने बजट 2025-26 में घोषणा की थी कि नया कर विधेयक संसद के चालू सत्र में पेश किया जाएगा। आयकर अधिनियम, 1961 की समीक्षा और अधिनियम को संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाने के लिए सीबीडीटी ने एक आंतरिक समिति का गठन किया था।

### 60 साल बाद बड़ा संशोधन

नए विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के ब्योरे में कहा गया है कि 1961 में पारित आयकर अधिनियम में 60 साल पहले पारित होने के बाद से कई संशोधन किए गए हैं। इन संशोधनों की वजह से आयकर अधिनियम की मूल संरचना पर अत्यधिक बोझ पड़ा है और भाषा जटिल हो गई है, जिससे करदाताओं के लिए अनुपालन की लागत बढ़ गई है और प्रत्यक्ष-कर प्रशासन की दक्षता में बाधा आ रही है। कर प्रशासकों, व्यवसायियों और करदाताओं ने आयकर अधिनियम के जटिल प्रावधानों और संरचना के बारे में चिंता जताई थी। इसे ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई 2024 के बजट में ऐलान किया था कि आयकर अधिनियम, 1961 की समयबद्ध व्यापक समीक्षा की जाएगी। उसी घोषणा के अनुरूप नए विधेयक का खाका तैयार किया गया है।

### आयकर विधेयक से जुड़ी खास बातें

- आयकर विधेयक, 2025 में सरल भाषा का उपयोग किया गया है, अनावश्यक प्रावधानों को हटाया गया है, छोटे वाक्यों का उपयोग किया गया है।
- विधेयक में कोई नया कर नहीं है। इसमें सिर्फ आयकर अधिनियम, 1961 में प्रदत्त कर–देयता प्रावधानों को एक साथ रखा गया है।
- इसमें मात्र 622 पृष्ठों में 536 धाराएं, 23 अध्याय और 16 अनुसूचियां हैं। जबकि 1961 के अधिनियम में 298 धाराएं, 23 अध्याय और 14 अनुसूचियां थीं।
- नया कानून एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा; अधिनियम अधिसूचित होने के बाद नियम लागू किए जाएंगे।
- इसमें व्यक्तियों, हिन्दू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) और अन्य के लिए पुरानी कर व्यवस्था और नई कर व्यवस्था दोनों शामिल हैं।
- नए विधेयक में 'कर वर्ष' का उपयोग किया है। इसमें 'पूर्व वर्ष' और 'आकलन वर्ष' जैसे जटिल शब्दों को हटाया गया है।
- 'स्पष्टीकरण या शर्त' का उल्लेख नहीं किया गया है, इसके बजाय तालिकाओं और सूत्रों का उपयोग किया गया है।

## 'मुफ्त की रेवड़ियां' बांटने की प्रथा लोगों को बेकार बना रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावों से पहले 'मुफ्त चीजें' देने के राजनीतिक दलों के वादे पर बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्यधारा में लाने के बजाय क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि बेहतर होगा कि लोगों को समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाकर राष्ट्रीय विकास में योगदान दिया जाए। पीठ ने सवाल किया, राष्ट्र के विकास में योगदान देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाने के बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे हैं? न्यायमूर्ति गवई ने कहा, दुर्भाग्यवश, चुनाव से ठीक पहले घोषित ▶▶|शेष पेज 4 पर


### क्या-क्या मिल रहा मुफ्त

- मुफ्त राशन पर तकरीबन 2 लाख करोड़ रुपए खर्च
- पीएम किसान योजना के जरिए 75000 करोड़ रुपए दिए जा रहे
- मुफ्त–बिजली पानी पर देशभर में एक लाख करोड़ से ज्यादा खर्च
- मुफ्त बसों की सवारी के नाम पर 20 हजार करोड़ से ज्यादा लुटा रहे
- महिलाओं को विभिन्न स्कीमों के नाम पर तीन लाख करोड़ तक खर्च

### दिल्ली चुनाव में जमकर हुए वादे

सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टप्पिणियां दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद आई हैं। इसमें भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए एक के बाद एक कई ऐलान किए थे। इसमें बिजली-पानी बिल माफ, महिलाओं को 2100-2500 रुपए हर महीने, छात्रों महिलाओं के लिए मुफ्त बस की यात्रा, तमाम वर्गों को पेंशन के नाम पर हजारों रुपए देने का वादा किया गया था। ऐसी ही घोषणाएं मध्य प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र चुनावों के वक्त भी किए गए थे।

## माघी पूर्णिमा पर दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी



महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महाकुंभ नगर

महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बुधवार को शाम छह बजे तक दो करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। सरकार ने इस दौरान स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। बुधवार तड़के सुबह से ही चारों दिशाओं से महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों समेत श्रद्धालुओं का गंगा और संगम घाट की ओर आगमन जारी है। महाकुंभ मेला 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ संपन्न होगा। बुधवार को शाम छह बजे तक दो करोड़ से अधिक लोगों ने संगम और गंगा में स्नान किया।

### चार साल से कल्पवास कर रहे मदन ने कही यह बात

गोरखपुर से परिवार सहित कल्पवास करने आए मदन गोपाल शुक्ल ने कहा, आज हमारा कल्पवास पूरा हो रहा है। कल्पवास बहुत अच्छा रहा.. कोई असुविधा नहीं हुई। पिछले चार साल से हम कल्पवास कर रहे हैं।

### अभिनेता और नार्वे के मंत्री भी पहुंचे

फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी संगम में डुबकी लगाई और सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं को अद्भुत बताया। महाकुंभ में शामिल होने आए नार्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम ने महाकुंभ को इतिहास का विशालतम मानव समागम बताते हुए कहा, मानव इतिहास में इससे बड़ा कोई आयोजन कभी कहीं नहीं हुआ।

### 10 लाख कल्पवासियों का पूरा हुआ संकल्प

*इस बीच, महाकुंभ मेले में कल्पवास कर रहे करीब 10 लाख कल्पवासियों का संकल्प माघी पूर्णिमा स्नान के साथ आज पूरा हो गया। वे अपने-अपने घरों के लिए प्रस्थान करना शुरू कर रहे हैं। त्रिवेणी संगम आरती सेवा समिति के संस्थापक और तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्रा ने बताया, "पिछली पूर्णिमा पर कल्पवास का संकल्प लेने वाले कल्पवासियों का संकल्प आज पूरा हो रहा है।*

**शराब घोटाला मामला**

## ईओडब्ल्यू और एसीबी ने की पूर्व महापौर ढेबर से 6 घंटे पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

2000 करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में पूर्व महापौर एजाज ढेबर एसीबी, ईओडब्लू का नोटिस मिलने के पांच दिन बाद बुधवार को ईओडब्लू के ऑफिस पहुंचे। ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने 7 फरवरी को एजाज ढेबर को पूछताछ करने नोटिस जारी किया था। एजाज ढेबर दोपहर एक बजे ईओडब्लू के ऑफिस में ▶▶|शेष पेज 4 पर



### दो साल के बाद पूछताछ

शराब घोटाला मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद ईओडब्लू ने एजाज ढेबर को पूछताछ करने तलब किया है। इसके पहले दो वर्ष पूर्व ईडी ने एजाज ढेबर को पूछताछ करने तलब किया था। तब ईडी के अफसरों ने एजाज ढेबर से 11 घंटे से ज्यादा पूछताछ की थी, तब ढेबर मेयर के पद पर ▶▶|शेष पेज 4 पर

## वनडे : भारत के सामने अंग्रेजों ने टेके घुटने



**3-0 से किया क्लीन स्वीप**

**142 रन से जीता भारत**

**259 के स्कोर से गिल सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**

**अहमदाबाद।** भारत के सामने तीन मैचों की वनडे सीरीज में इंग्लैंड ने बुधवार को घुटने टेक दिए। भारतीय क्रिकेट टीम ने वनडे सीरीज 3–0 से जीत लिया। तीसरे और अंतिम वनडे में भारत ने अंग्रेजों को 142 रन से धूल चटाकर जीत हासिल की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुभमन गिल के शतक से पहाड़ सा स्कोर 356 रन बनाए। जवाब में इंग्लिश टीम 34.2 ओवर में 214 रन ही बना सकी। मैच के हीरो शुभमन गिल रहे। गिल ने मैच में 112 रन और सीरीज में 259 रन बनाकर मैच और सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने।

## राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास नहीं रहे

# 20 साल की उम्र से ही राम मंदिर में कर रहे थे पूजा-अर्चना

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास का बुधवार को लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें इस महीने की शुरुआत में मस्तिष्काघात के बाद संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने बताया, राम मंदिर अयोध्या के मुख्य पुजारी सतेंद्र दास जी ने आज अंतिम सांस ली।

वे राम मंदिर आंदोलन के सबसे महत्वपूर्ण चेहरों में से एक थे और बाबरी मस्जिद विध्वंस से लेकर रामलला के भव्य मंदिर निर्माण ▶▶|शेष पेज 4 पर

### राम मंदिर आंदोलन में निभाई थी ऐतिहासिक भूमिका

1992 के बाबरी मस्जिद विध्वंस के समय सत्येंद्र दास ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने रामलला की मूर्तियों को अपने हाथों में उठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। उस समय वह राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी के रूप में नियुक्त थे, और उनकी जिम्मेदारी थी कि रामलला की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सत्येंद्र दास ने एक बार उस दिन की घटना का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा था, 6 दिसंबर की सुबह 11 बजे मंच तैयार था। नेताओं ने मुझसे कहा कि रामलला को भोग लगाकर पर्दा बंद कर दें।



### बच्चों को पढ़ाते थे संस्कृत और व्याकरण

'राम मंदिर ट्रस्ट' के अध्यक्ष चंपत राय ने दास को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य महंत सतेंद्र दास हनुमानगढ़ी के साधु भी थे। वह विरक्त थे, बच्चों को संस्कृत, व्याकरण पढ़ाते थे। उन्होंने राम मंदिर में सेवा की। वह साकेतवासी बन गए।

### शाह, नड्डा और योगी ने दी श्रद्धांजलि

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा सहित भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर शोक जताया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने 85 वर्षीय महंत सतेंद्र दास के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सतेंद्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद एवं अपूरणीय क्षति है।

## चिंतन

# चुनाव में मुफ्त रेवड़ी पर तुरंत रोक लगाना जरूरी

गरीब की थाली में पुलाव आ गया, लगता है शहर में चुनाव आ गया। किसी कवि की ये पंक्तियां भारतीय राजनीति पर सटीक टिप्पणी हैं। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता वादों की बरसात करते हैं, उससे एक नया शब्द 'रेवड़ी कल्चर' चर्चा में है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसे गलत ठहरा चुके हैं, लेकिन हमारे सियासतदान हैं कि इससे किनारा करने की बजाए बढ़ावा देने में लगे हैं। कोई भी चुनाव आता है तो राजनीतिक पार्टियां वोट बटोरने के लिए रेवड़ी कल्चर को अपना लेती हैं। चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की झड़ी दिखाई देती है। यह सीधे-सीधे मतदाताओं को प्रलोभन देना है क्योंकि मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं से मतदाता प्रभावित होता है। चुनावी वादों की शुरुआत बहुत पहले दक्षिण में हो गई थी। तेलुगू सुपर स्टार एनटी रामा राव ने 1990 के दशक में गरीब महिलाओं के बीच साड़ी बांटने की शुरुआत की थी। टीडीपी नेता ने गरीबों को 2 रुपया प्रति किलो चावल भी दिया, जिससे एनटी रामा राव को सत्ता में वापसी करने का मौका मिला। डीएमके और अन्नाडीएमके के बीच तो हमेशा मुफ्त के चुनावी वादे करने के लिए होड़ मची रहती थी। आपको याद होगा कि डीएमके नेता करुणानिधि ने मुफ्त कलर टेलीविजन का वादा करके चुनावी सफलता हासिल की थी। इसके बाद नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने मुफ्त बिजली, निःशुल्क पानी और महिलाओं के लिए बसों में फ्री यात्रा जैसी अनेक घोषणाएं करके खूब वाहवाही लूटी। इसका पार्टी को आशातीत लाभ भी मिला। नई दिल्ली में प्रचंड बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बन गई। इसके बाद पंजाब में भी फ्री रेवड़ी कल्चर को अपनाया और वहां भी आम आदमी पार्टी दो तिहाई बहुमत से अपनी सरकार बनाने में सफल हो गई। बस फिर क्या था, लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों ने यह फार्मूला अपनाना शुरू कर दिया। मुफ्तखोरी को बढ़ाने वाली ऐसी लोक लुभावन घोषणा करके कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार बना ली। अब स्थिति यह है कि ऐसी घोषणाओं के कारण पंजाब, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश कर्ज तले दब गए हैं। सरकार का अधिकांश पैसा ऐसी घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने में खर्च हो रहा है। नतीजतन विकास काम ठप हो गया है। सबसे बुरी हालत तो हिमाचल प्रदेश की है। वहां सरकार के पास सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को भुगतान के लिए तक पैसे नहीं हैं। खजाना खाली हो गया है। कोई बड़ी बात नहीं कि बहुत जल्द वे दिवालिएपन की कगार पर पहुंच जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव के वक्त की जाने वाली मुफ्त की योजनाओं को गलत ठहराया। कोर्ट ने कहा कि लोग काम करना नहीं चाहते, क्योंकि आप उन्हें मुफ्त राशन दे रहे हैं। बिना कुछ किए उन्हें पैसे दे रहे हैं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ड मसीह की बेंच शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आसरा दिए जाने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अब 6 हफ्ते बाद दोबारा इस याचिका पर सुनवाई होगी। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने फ्री रेवड़ी कल्चर पर कड़ी टिप्पणी की थी और इससे बचने की सीख दी थी। किन्तु अभी तक फ्री रेवड़ी कल्चर पर रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की गई है। चुनाव आयोग मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है। इस पर तुरंत रोक लगाए जाने की जरूरत है। चुनाव आयोग को इस पर कड़ा एक्शन लेना होगा और केंद्र सरकार को भी चाहिए कि मुफ्त रेवड़ी पर संसद में बिल लेकर आए ताकि इस पर रोक लगाई जा सके।

# 'आप' के अध्याय के अंत की ध्वनियां




विश्लेषण
अवधेश कुमार

**पिछले दो विधानसभा चुनावों से एकतरफा जीत हासिल करने वाली आप के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान कितना गहरा था, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि अरविंद केजरीवाल अपने क्षेत्र के 123 मतदान केन्द्रों में से 115 पर पराजित रहे। भाजपा को 45.8 प्रतिशत मत मिले जो अब तक विधानसभा चुनावों में उसका सर्वाधिक है। 1993 विधानसभा चुनाव में उसे 42.8 प्रतिशत मत और 49 सीटें मिलीं थीं। आप को 43.57 प्रतिशत मत मिले। कह सकते हैं कि केवल दो प्रतिशत से थोड़ा अधिक के अंतर से जीत और हार को बड़ी घटना नहीं मानी जा सकती। पिछले चुनाव से भाजपा के मतों में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि और आपके मतों में लगभग प्रतिशत की कमी आई है।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम हर दृष्टि से असाधारण है। पूर्व मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी के सर्वेसर्वा एकमात्र चेहरा अरविंद केजरीवाल, उनके दूसरे साथी पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का चुनाव में पराजित होना एक दशक की राजनीति की सबसे बड़ी परिघटना है। कांटे के संघर्ष में भी केजरीवाल का भाजपा के प्रवेश वर्मा से 4389 मतों से हारना छोटी पराजय नहीं मानी जा सकती। हां, मनीष सिसोदिया का 675 मतों से हारना अवश्य छोटी है। इसी तरह मंत्री सौरभ भारद्वाज 3 हजार 188 और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन 20 हजार 998 मतों से हारे। मुख्यमंत्री आतीशी भी हारते-हारते बचीं। आखिरी दौर में मिली बढ़त से रमेश विधुड़ी से 3 हजार 521 मतों से आगे निकल पाईं। पिछले दो विधानसभा चुनावों से एकतरफा जीत हासिल करने वाली आप के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान कितना गहरा था, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि अरविंद केजरीवाल अपने क्षेत्र के 123 मतदान केन्द्रों में से 115 पर पराजित रहे। भाजपा को 45.8 प्रतिशत मत मिले जो अब तक विधानसभा चुनावों में उसका सर्वाधिक है। 1993 विधानसभा चुनाव में उसे 42.8 प्रतिशत मत और 49 सीटें मिलीं थीं। आप को 43.57 प्रतिशत मत मिले। कह सकते हैं कि केवल दो प्रतिशत से थोड़ा अधिक के अंतर से जीत और हार को बड़ी घटना नहीं मानी जा सकती। पिछले चुनाव से भाजपा के मतों में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि और आपके मतों में लगभग प्रतिशत की कमी आई है। यह प्रतिशत की गिरावट असाधारण है। इसे केवल दो पार्टियों के बीच की सामान्य चुनावी लड़ाई में मिली हार और जीत के रूप में नहीं देखा जा सकता। अगर यहां कांग्रेस और भाजपा होती तथा कांग्रेस से भाजपा जीतती, तब भी विजय बड़ी मानी जाती, वह असाधारण नहीं होता।

वास्तव में प्रत्येक चुनाव के अनुरूप इसके भी जीत हार का विश्लेषण हो रहा है और वह गलत नहीं है। सतह पर दिखते अनेक कारक इस चुनाव परिणाम में लागू होते हैं। अगर हम आप के उदय, उसकी पृष्ठभूमि, आचरण और सोच के अनुसार मूल्यांकन करें, तभी इस परिणाम के निहितार्थ समझ में आएंगे। अरविंद केजरीवाल 2011 में देश में एक नायक के रूप में उभरे। पहले अन्ना हजारे को सामने रखकर उन्होंने देश की चिंता में सक्रिय भारी संख्या में लोगों के अंदर समाज में व्यापक बदलाव का सपना दिखाया। व्यवस्था परिवर्तन, जिसमें राजनीति से बाहर रखकर काम करने वालों की बड़ी फौज खड़ी हुई, एक क्रांति का आह्वान था। हालांकि उन सपनों और क्रांति का अंत तभी हो गया जब राजनीति में न जाने और राजनीतिक दल न बनाने की शपथ लेने वाले केजरीवाल ने 2 अक्टूबर, 2012 को आम आदमी पार्टी बना ली। तब भी देश में राजनीति के माध्यम से सत्ता और समाज में बदलाव की कल्पना करने वालों के लिए वो उम्मीद की किरण बने रहे। तब नई राजनीति, सत्ता की नई प्रकृति तथा जनप्रतिनिधियों के व्यवहार के नए मापदंड बनाने के संकल्प व्यक्त किए गए। इनमें भ्रष्टाचारविहीन, फिजूलखर्ची, वीआईपीवाद, भारी सुरक्षा व्यवस्था में चलने वाले नेताओं के दौर से पूरी तरह मुक्त सच्चे स्वराज और सच्चे लोकतंत्र स्थापना का उद्घोष किया गया था। घोषणा की गई कि न सरकारी आवास लेंगे, न बड़ी गाड़ियों में चलेंगे, न सुरक्षा लेंगे और न हमारे कारण



ट्रैफिक जाम होगा। यह पूरी तरह जनता के द्वारा जनता के बीच और जनता के साथ चलने वाली राजनीति और सरकार होगी। राजनीति से भ्रष्टाचार और अपराध का अंत होगा तथा किसी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा तो वह मुकदमे की प्रतीक्षा किए बगैर सत्ता से बाहर हो जाएगा। दिल्ली की सत्ता में आने के साथ इन विचारों के विपरीत केजरीवाल से लेकर उनके साथियों ने सारी विद्रूपताएं अपनाईं जिनको लेकर राजनीति से वितृष्णा पैदा हो रही थी। वीआईपीवाद, सरकारी तामझाम, आवास, सुरक्षा घेरे आदि में किसी प्रकार की कमी हो तो उसे ही राजनीति का मुद्दा बनाने के बदले हुए रंग ने उस सपने को भी ध्वस्त कर दिया। बावजूद जनता उन्हें 2020 में सत्ता तक लाई क्योंकि लोगों को उनसे कुछ उम्मीदें थी। राजनीति में चुनाव जीतने का उन्होंने सबके समानांतर जनता को फ्री 20 का लालची बना देने का सूत्र निकाला और इसका प्रभाव हुआ। उन्हें पंजाब की सत्ता भी सौंपी।

2022 आते-आते भ्रष्टाचार के ऐसे आरोप सामने आने लगे जिनमें कानूनी दांवपेंच से परे आम लोगों और पार्टी में भी बड़े वर्ग को दिखने लगा कि भ्रष्टाचार हुआ है। आबकारी नीति ने साफ कर दिया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाकर शुचिता, नैतिकता की शपथ लेकर राजनीति और सत्ता में आने वाले भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गए। मुख्यमंत्री आवास, जिसे शीशमहल कहा गया, पर 45 करोड़ रुपये खर्चे और इन सबको सही ठहराने के रवैये ने सारे सपनों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। अगला चरण पार्टी के रूप में दिल्ली से चुनावी पराजय थी। तो क्या यहां से राजनीतिक दल के रूप में इतिहास के अध्याय के अंत की शुरुआत हो जाएगी? एक चुनाव में जीत-हार से सामान्यत किसी पार्टी के अंत की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। किंतु आप और केजरीवाल का विषय जैसा ऊपर बताया बिल्कुल सामान्य पार्टियों से अलग है। नये सपनों के विपरीत आचरण में सीमाओं को पार कर गए तो एक सामान्य राजनीतिक दल की तरह शासन की जिम्मेवारियों को ठीक से पूरा करते। दिल्ली की सड़कों की हालत खराब हो गई, जगह-जगह गड्ढे बन गए। गाड़ियों की गति धीमी होने से ट्रैफिक जाम और वाहनों के मेंटेनेंस खर्च बढ़। सड़क टूटने से जगह-जगह जलभराव ने बुरी स्थिति पैदा की। बची-खुची यमुना गंदे नाले में बदल गई। भयावह प्रदूषण के कारण पूरे विश्व में भारत को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है।

शिक्षा और स्वास्थ्य का प्रचार बहुत हुआ लेकिन जमीन पर वैसा कुछ नहीं दिखा। 700 लीटर पानी और 200 यूनिट बिजली शुल्क माफ करने तथा महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा का असर हुआ। लेकिन जल इतना घटिया कि सामान्य आदमी को भी खरीद कर पीना पड़ता है। केजरीवाल ने मान लिया कि सच को झूठ और झूठ को सच बताने तथा रंग बदलने से दिल्ली के लोग अप्रभावित हो जाते हैं। बस काम न होने के लिए केंद्र सरकार को दोषी ठहराओ, समाज के बहुत बड़े वर्ग को मुफ्तखोरी की आदत लगाए रखो और चुनाव जीतते रहो। उनको उम्मीद नहीं थी कि हरियाणा पर यमुना के जाल में जहर मिलाने का आरोप उल्टा पड़ जाएगा। इस कारण यमुना भी बड़ा मुद्दा बना। दूसरी ओर भाजपा ने इस बार लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद ही दिल्ली चुनाव की तैयारी की, हर स्तर पर मोर्चाबंदी, केजरीवाल को सीधा निशाना बनाया तथा मुफ्तखोरी की सारी घोषणाएं कर दी और परिणाम सामने है। सत्ता नहीं रहने और प्रमुख नेताओं के विधानसभा में नहीं होने के बाद की तस्वीरों का आकलन करिए। क्या स्वयं की भूमिका से विश्वसनीयता और साख को निम्न बिंदु पर लाने के बाद केजरीवाल और उनके साथी किसी तरह के आंदोलन की कोशिश करेंगे तो लोग साथ आएंगे? यह ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर आप का भविष्य बता देगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विशेष
विकास खितौलिया



# सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं संत रविदास

भारत भूमि अवतारों, ऋषि-मुनियों व संत महात्माओं की धरा है। इस पावन भूमि पर बड़े-बड़े साधु-संत पैदा हुए हैं। उन्होंने अपने योग, तप, ज्ञान के बल पर लोगों को सच्चाई के रास्ते पर जीने की राह दिखाई। माना कि आजकल धर्म, अधर्म की राह पर चल पड़ा है। माना कि अब नकली संतों की भरमार है फिर भी यही की भूमि ही धर्म और संतों की है। इन्ही संत-महात्माओं ने सामाजिक समरसता एवं वसुधैव कुटुम्बकम् का अहम संदेश भी दिया इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक ने जयतु भारतवर्ष, जयतु सनातन संस्कृति के भाव को अपने भीतर समेटे रखा है। इस भाव को ही तो सामाजिक समरसता कहा जाता है। जहां भारत देश में विदेशी आक्रांताओं द्वारा अनेक आक्रमण हुए, अनेक बार यहां की संस्कृति पर प्रहार हुआ और जिस कारण सभी समाजों में अनेक कुरीतियों ने जन्म लिया। इन्हीं कुरीतियों को अपनी वाणियों एवं संदेशों द्वारा समाप्त करने के लिए अनेक ऋषि-मुनियों व संत महात्माओं ने भारत भूमि पर जन्म लिया। इसी क्रम में संत रविदास हैं जिन्होंने सामाजिक समरसता के विचार का उद्घोष किया। वह एक उच्च कोटि के साधक और विनीत भगवत भक्त भी थे। रविदास को पंजाब में रविदास कहा गया तो उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान में उन्हें रैदास के नाम से जाना गया। गुजरात और महाराष्ट्र के लोग 'रोहिदास' और बंगाल के लोग उन्हें 'उड़दास' कहते हैं। कई पुरानी पांडुलिपियों में उन्हें रायादास, रेदास, रेमदास और तैदास के नाम से भी जाना गया है। कहते हैं कि रविदास ने रविवार के दिन जन्म लिया था, जिस कारण इनका नाम रविदास रखा गया। संत शिरोमणि कवि रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा को 1376 ईस्वी वाराणसी शहर के गोबर्धनपुर गांव में हुआ था। उनकी माता का नाम कमां देवी (कलसा) तथा पिता का नाम संतोख दास (रम्बु) था। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ, जब उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों का शासन था। चारों ओर अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार व अशिक्षा का बोलबाला था। संत रविदास बचपन से ही भक्ति में लीन रहते थे। उनकी प्रतिभा को जानकर स्वामी रामानंदाचार्य ने उन्हें अपना शिष्य बनाया। स्वामी रामानंदाचार्य वैष्णव भक्तिधारा के महान संत थे। संत रविदास ने अपने दोहों व पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी। इतना ही नहीं, वे एक ऐसे समाज की कल्पना भी करते थे, जहां किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुख, दरिद्रता, भेदभाव नहीं हो। उन्होंने सीधे-सीधे लिखा कि 'रैदास जन्म के कारने होत न कोई नीच, नर कूं नीच कर डारि है, ओछे करम की नीच' यानी कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से नीच होता है। कोई भी व्यक्ति जन्म के हिसाब से कभी नीच नहीं होता। संत रविदास ने अपनी कविताओं के लिए जनसाधारण की ब्रजभाषा का प्रयोग किया है। साथ ही इसमें अवधी, राजस्थानी, खड़ी बोली और रेख्ता यानी उर्दू-फारसी के शब्दों का भी मिश्रण है। रविदास के लगभग चालीस पद सिख धर्म के पवित्र धर्मग्रंथ गुरुग्रंथ साहब में भी सम्मिलित किए गए हैं। संत रविदास की ख्याति लगातार बढ़ रही थी जिसके चलते उनके लाखों भक्त थे जिनमें हरेक जाति के लोग शामिल थे। चित्तौड़गढ़ में संत रविदास की छतरी बनी हुई है। उन्होंने वाराणसी में 1540 ईस्वी में अपना देह छोड़ दिया। वाराणसी में संत रविदास का भव्य प्रसिद्ध सिद्ध स्थान है, जो सिद्ध पीठ गुरुद्वारा, मंदिर और मठ है। जहां सभी जाति के लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। वाराणसी में श्री गुरु रविदास पार्क है जो नगवा में उनके यादगार के रूप में बनाया गया है उसमे उनके नाम पर गुरु रविदास स्मारक और पार्क बना है। रविदास को लेकर तमाम शोध पूर्व में भी हुए हैं लेकिन सरल भाषा में कहा जाए तो रविदास जी 'समता के प्रतीक' थे। ये भारत के लिए गर्व की बात है कि दुनिया के लगभग 150 देशों में रविदास की जयंती को मनाया जाता है। आखिर रविदास की वाणी में ऐसा क्या था, जिसे पूरा विश्व मानता है, रविदास की वाणी के कई पक्ष हैं जिन पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई है। उनको जाति व्यवस्था के आलोचक के रूप में ही लोग जानते हैं लेकिन उनका व्यक्तित्व अपने में बहुत विशाल है और उसके बहुत से पक्ष भी हैं। रविदास का जन्म समाज में निचली मानी जाने वाली चमार जाति में हुआ। उनका एक प्रसिद्ध दोहा था 'मन चंगा तो कटौती में गंगा'। अर्थात मन शुद्ध होना चाहिए, कमंडल में जल भी गंगा समान है। बहरहाल रविदास ने समाज जीवन को समग्रता के साथ देखा। इस आधार पर देखा जाए तो रविदासजी दुनिया के पहले समाजवादी भी थे।

(लेखक पत्रकार और विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

# चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित
प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**स्वामी दयानंद सरस्वती जी की शिक्षाएं**

आर्य समाज के संस्थापक, समाज को अंधविश्वास और रूढ़िवादिता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 को भारत की भूमि गुजरात के टंकारा में हुआ था। उनका बचपन का नाम मूलशंकर अंबाशंकर तिवारी था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा संस्कृत में हुई थी। उन्होंने बचपन में संस्कृत और वेदों का ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने वर्ष 1876 में हम भारतीयों के लिए भारत में स्वराज की मांग सबसे पहले की थी। इसके बाद लोकमान्य तिलक ने इसे आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया था। उन्होंने जीवन की सच्चाई जानने के लिए सांसारिक सुखों को भी त्याग दिया था। हिंदू धर्म के लिए बहुत काम किए थे। हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लिए भी बहुत से प्रयत्न किए। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। *- उपेन्द्र तिवारी, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### शोक की घड़ी



राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास के देहावसान से अत्यंत दुख हुआ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों एवं अनुयायियों को संबल प्रदान करे। ओम शांति!
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं



सिख धर्म के सातवें गुरु हर राय साहिब के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। गुरु हर राय जी का जीवन सेवा, साहस और संयम का पर्याय है। सत्य, अहिंसा और जनसेवा के प्रति समर्पण की प्रतिमूर्ति गुरु हर राय के आदर्श समस्त देशवासियों के लिए प्रेरणादायक हैं।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### सरकार संज्ञान ले



कुशीनगर जिला प्रशासन द्वारा हाटा नगर क्षेत्र में मदनी मस्जिद के कथित अवैध निर्माण को तोड़े जाने की खबर है। उसको लेकर लोगों में आक्रोश स्वाभाविक है। यूपी सरकार अविलम्ब संज्ञान लेकर प्रशासन की ऐसी कार्रवाइयों पर रोक लगाए।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### बदलाव का स्वागत



भारत एआई क्रांति को आगे बढ़ाने और बढ़ावा देने के चौराहे पर खड़ा है। यह क्रांति अभूतपूर्व गति से परिवर्तन लाएगी, जो अधिकांश लोगों को अराजकता जैसा महसूस होगा। हम बदलाव का स्वागत करते हैं।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# क्या मस्क अमेरिकी सरकार पर नियंत्रण हासिल कर रहे



अमेरिका के कई लोग इस बात से भयभीत हैं कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को हाल के हफ्तों में अमेरिकी सरकार के विभिन्न कार्यालयों में 'हस्तक्षेप' की अनुमति दी गई है।
राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन तथा भरोसेमंद लोगों की एक छोटी सी टीम के सहयोग से मस्क ने अमेरिका की विशाल संघीय नौकरशाही पर सफलतापूर्वक 'नियंत्रण' हासिल कर लिया है। मंगलवार को ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिससे मस्क को और भी अधिक शक्ति मिल गई। इसके तहत संघीय एजेंसियों को अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती करने और नई नियुक्तियों को प्रतिबंधित करने में मस्क की अगुवाई वाले 'सरकारी दक्षता विभाग' (जिसे डीओजीई के नाम से जाना जाता है) के साथ सहयोग करना होगा। ट्रंप प्रशासन में एक 'विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में शामिल होने के बाद मीडिया को दी गई अपनी पहली टिप्पणी में, मस्क ने इस आलोचना का भी जवाब दिया कि वह अमेरिकी सरकार पर 'जबरन नियंत्रण' हासिल कर रहे हैं। लोगों ने प्रमुख सरकारी सुधार के लिए मतदान किया था और यही परिणाम उन्हें मिलने वाला है।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग की सीमा पार कर रही



दो प्रमुख वैश्विक अध्ययनों में कहा गया है कि पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संबंध में निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर रही है और ग्रह की जलवायु संभवतः भयावह स्तर पर एक नए चरण में प्रवेश कर गई है। जलवायु परिवर्तन पर ऐतिहासिक 2015 पेरिस समझौते के तहत मानवता ने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और ग्रह के तापमान को पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक न जाने देने की मांग उठाई है। 2024 में, पृथ्वी पर तापमान उस सीमा को पार कर गया। अभी जारी किए गए दो शोधपत्र एक अलग माप का उपयोग करते हैं। दोनों ने यह निर्धारित करने के लिए ऐतिहासिक जलवायु डेटा की पड़ताल की कि क्या हाल के दिनों में बहुत गर्म वर्ष इस बात का संकेत थे कि भविष्य में, आंकड़े दीर्घकालिक तापमान सीमा से परे चले जाएंगे। उत्तर, चिंताजनक रूप से, हाँ था। शोधकर्ताओं का कहना है कि रिकॉर्ड-गर्म 2024 इंगित करता है कि पृथ्वी 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार कर रही है, जिसके परे वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर जीवन का समर्थन करने वाली प्राकृतिक प्रणालियों को विनाशकारी नुकसान की भविष्यवाणी की है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## खबर संक्षेप

### पूर्व राष्ट्रपति प्रणब के बेटे फिर बने कांग्रेसी

**कोलकाता।** देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने कांग्रेस में वापसी कर ली है। बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस का 'हाथ' थामा। 2021 में वे टीएमसी में चले गए थे। कोलकाता के विधानभवन में अभिजीत कांग्रेस में शामिल हुए। कराया गया।



### लोग दफ्तर नहीं जाना चाहते : सुब्रह्मण्यम

**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यम का फिर एक बयान चर्चा में है। मंगलवार को सीआईआई साउथ ग्लोबल लिंकेज शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि भारतीय श्रमिक, जिनमें तकनीकी विशेषज्ञ भी शामिल हैं, नौकरी के लिए आगे बढ़ने से हिचकिचाते हैं। इससे उद्योग के लिए चुनौतियां पैदा होती हैं।



### मायावती ने भतीजे आकाश के ससुर को पार्टी से निकाला

**नई दिल्ली।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में आकाश आनंद के ससुर डॉ. अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. अशोक सिद्धार्थ की बेटी से आकाश आनंद की शादी हुई है। डॉ. अशोक सिद्धार्थ के पिता बसपा संस्थापक कांशीराम के सहयोगी रहे हैं।



### अब भारत में अवैध तरीकों से घुसने वालों की खैर नहीं

नया विधेयक ला रही मोदी सरकार

# बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश किया तो होगी 7 साल कैद व 10 लाख जुर्माना

**यह प्रावधान 'आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025' का हिस्सा होगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देश घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहे हैं। अब भारत भी इस दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश करने वालों को सख्त सजा दी जाएगी। इसके लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार संसद में एक विधेयक ला रही है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश करने वाले किसी भी विदेशी नागरिक को अब अधिकतम पांच साल तक की जेल और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। कोई व्यक्ति जाली पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश करता है, तो उसे अधिकतम सात साल की सजा हो सकती है, जबकि जुर्माना 1 लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक हो सकता है। यह प्रावधान 'आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025' का हिस्सा है।






सरकार चार पुराने कानूनों में जल्द कर रही बदलाव

#### ये रहे 4 पुराने कानून

- विदेशी अधिनियम **1946**
- पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम **1920**
- विदेशी नागरिकों का पंजीकरण अधिनियम **1939**

जाली पासपोर्ट पर 8 साल की सजा, **50,000** रुपए जुर्माना

*वर्तमान में, बिना वैध दस्तावेज के भारत में प्रवेश करने पर अधिकतम पांच साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है, जबकि जाली पासपोर्ट पर प्रवेश करने पर अधिकतम आठ साल की सजा और 50,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।*

#### सरकार को मिलेंगी अतिरिक्त शक्तियां

नया विधेयकसरकार को यह अधिकार देता है कि वह किसी भी विदेशी नागरिक या किसी विशेष समूह के व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा सके। सरकार किसी विदेशी नागरिक को भारत छोड़ने, किसी विशेष क्षेत्र में प्रवेश न करने, अपनी तस्वीर और बायोमेट्रिक विवरण देने के लिए बाध्य कर सकती है। यह आंतरिक सुरक्षा और अप्रवासन प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे अवैध घुसपैठ और जाली दस्तावेजों के उपयोग पर कड़ा अंकुश लगेगा।

#### वीजा उल्लंघन पर 3 साल कैद, 3 लाख जुर्माना या दोनों

अगर कोई विदेशी अपनी वीजा अवधि से अधिक समय तक भारत में रहता है, या प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या 3 लाख रुपए तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।

#### विदेशी नागरिकों की जानकारी देनी होगी

सभी विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और मेडिकल संस्थानों को अपने यहां विदेशी नागरिकों की जानकारी पंजीकरण अधिकारी के साथ शेयर करनी होगी।

#### इसमें वाहक की भी जिम्मेदारी तय होगी

अगर कोई हवाई जहाज, जहाज या अन्य परिवहन साधन से बिना वैध दस्तावेजों वाले विदेशी को लाया जाता है, तो उस पर 5 लाख रुपएतक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जुर्माना न चुकाने की स्थिति में उस परिवहन साधन को जब्त भी किया जा सकता है। यानी अगर कोई विदेशी व्यक्ति इमिग्रेशन अधिकारी को वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज/वीजा नहीं होने की स्थिति में यहां पहुंचाया जाता है, तो उसे लाने वाले वाहक को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

उधर, यूसीसी पर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल

### उत्तराखंड सरकार से 6 हफ्ते के भीतर मांगा जवाब




**देहरादून।** भारत में पहली बार किसी राज्य में(उत्तराखंड) समान नागरिक संहिता लागू हुई, लेकिनकई सवालिया निशान खड़े हो गए। वकीलों ने यूसीसी के कुछ प्रावधानों पर हाईकोर्ट में चुनौती दी। नैनीताल हाईकोर्ट की खंडपीठ ने यूसीसी में शादी, तलाक और लिव इन रिलेशनशिप के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर उत्तराखंड सरकार से 6 हफ्ते में जवाब मांगा है।

**अलग-अलग याचिका दाखिल**

भीमताल के रहने वाले सुरेश सिंह नेगी ने चुनौती दी है, जिसमें मुख्यतः 'लिव इन रिलेशनशिप' के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। मुस्लिम, पारसी आदि के वैवाहिक पद्धति की यूसीसी में अनदेखी किए जाने सहित कुछ अन्य प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है।

ट्रंप के दबाव में झुके जेलेंस्की

## रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को तैयार


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन जंग रोकने के लिए रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रंप, रूस और यूक्रेन को एक मंच पर लाने में सफल होते हैं तो यह मुमकिन है। जेलेंस्की ने यह स्वीकार किया कि बिना अमेरिकी मदद के वे जंग नहीं लड़ सकते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं जो यह कहते हैं कि यूरोप, अमेरिका के बिना भी यूक्रेन की हिफाजत कर सकता है। लेकिन यह सच नहीं है।

■ कहा- ट्रंप अगर यूक्रेन-रूस को एक टेबल पर ला पाएं तो ऐसा मुमकिन

अमेरिका के बिना यूक्रेन की सुरक्षा संभव नहीं है। रूसी जमीन पर 7 महीने से यूक्रेन का कब्जा यूक्रेन ने अगस्त 2024 में रूस के कुर्स्क पर हमला करके लगभग 1300 वर्ग किलोमीटर इलाके पर कब्जा कर लिया था।

#### सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं जेलेंस्की

अमेरिका में ट्रंप के शपथ लेने के बाद रूस-यूक्रेन जंग के समाप्त होने को लेकर चर्चा बढ़ गई है। चुनाव के दौड़ान ट्रंप ने यह दावा किया था कि वे शपथ लेने के 24 घंटे के भीतर जंग रोक देंगे। पिछले महीने यूक्रेन में ट्रंप के विशेष शांति दूत कीथ केलॉग ने कहा था कि उनका मकसद ट्रंप प्रशासन के 100 दिन के भीतर जंग रोकना है। उन्हें जंग रोकने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का काम सौंपा गया है। जेलेंस्की ने कहा कि वे 14 फरवरी को म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात करेंगे। जेडी वेंस लंबे समय से यूक्रेन को जंग लड़ने के लिए मिल रहे अमेरिकी मदद की आलोचना करते रहे हैं। सत्ता में आने के बाद वे यूक्रेन पर जंग को रोकने का दबाव बना रहे हैं। कीथ केलॉग 20 अप्रैल तक यूक्रेन जंग को रोकना चाहते हैं। जेलेंस्की किसी भी समझौते पर पहुंचने के लिए अमेरिका से कड़ी सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं।

#### ट्रंप ने यूक्रेन से फिर मांगा रेयर मटेरियल

इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने फिर से यूक्रेन के खनिज को हासिल करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा था कि यदि यूक्रेन को अमेरिकी मदद चाहिए तो उसे 500 बिलियन डॉलर के रेयर अर्थ मटेरियल (दुर्लभ खनिज) अमेरिका को देने होंगे। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को धमकी दी कि यदि उन्होंने ट्रंप की बात नहीं मानी तो अमेरिका यूक्रेन को और मदद देना बंद कर देगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन कमजोर पड़ जाएगा। इसके बाद रूस किसी भी दिन उसे अपने में मिला सकता है। ट्रंप इससे पहले भी कह चुके हैं कि अमेरिका 3 साल से यूक्रेन की आर्थिक मदद कर रहा है। अब वे चाहते हैं कि यूक्रेन रेयर अर्थ मटेरियल देकर अपना कर्ज उतारे।

कांग्रेस में बड़े 'ओवरहाउलिंग' की तैयारी...कई पीसीसी, प्रभारी बदले जायेंगे

## भूपेश को मिल सकती है एआईसीसी महासचिव की बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संगठन में बड़े 'ओवरहालिंग' की तैयारी है। मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता वाली एआईसीसी का स्वरूप बदला नजर आयेगा। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को लेकर कयासों का बाजार गरम था। एक खेमा उन्हें बदले जाने की जद्दोजहद में था। ऐसी सभी शक्तियों को नकार दिया गया है। वेणुगोपाल अपने पद पर बने रहेंगे।



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री तेजतर्रार नेता भूपेश बघेल को महासचिव का बड़ा दायित्व देकर संगठन में लाया जा सकता है। वहीं मीनाक्षी नटराजन, सचिन राव, अजय कुमार लल्लू, वामशी रेड्डी, कृष्णा अलावुरु जैसे नेताओं को संगठन में नई जिम्मेदारी दी जा सकती है। बिहार, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, तमिलनाडु और असम के प्रभारी महासचिव बदले जा सकते हैं। केरल, हरियाणा, तमिलनाडु, असम और हिमाचल के प्रदेश अध्यक्ष बदले जायेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को भी हटाया जाना प्रस्तावित था, लेकिन शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि संगठन में उन्हें काम करने का, अपनी सांगठनिक क्षमता दिखाने का बेहद कम मौका मिला है, लिहाजा उन्हें और मोहलत दिया जाने की संभावना है।




## जूनियर्स के कपड़े उतारे, प्राइवेट पार्ट पर डंबल लटकाया, चिल्लाए तो मुंह में लोशन भर दिया

केरल के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में **रैगिंग का मामला**



एजेंसी ▶▶ कोट्टायम


केरल के एक सरकारी नर्सिंग कॉलेज में जूनियर्स के साथ रैगिंग का मामला सामने आया है। पांच सीनियर छात्रों ने 3 स्टूडेंट के पहले कपड़े उतारे। फिर उनके प्राइवेट पार्ट पर डंबल (भारी वजन) लटका दिया। सीनियर्स ने बाद में कंपास और नुकीली वस्तुओं से भी छात्रों को घायल किया।

इसके बाद जख्म पर लोशन लगाया। ताकि दर्द और बढ़े। जब पीड़ित दर्द से चिल्लाने लगे, तो उनके मुंह में भी लोशन डाल दिया। यह घटना कोट्टायम के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में हुई। तीनों पीड़ित फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट हैं और तिरुवनंतपुरम के रहने वाले हैं। प्रताड़ना का वीडियो भी बनाया, फिर धमकी दी सीनियर्स ने पीड़ितों को नग्न करके उनकी रैगिंग का वीडियो भी बनाया। इसके साथ ही धमकी दी कि अगर उन्होंने इसकी रिपोर्ट करने की हिम्मत की तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सीनियर्स जूनियर्स से शराब खरीदने के लिए पैसे वसूलते थे। जो लोग ऐसा करने से मना करते थे, उन्हें पीटा जाता था। एक छात्र, जो अब और उत्पीड़न सहन नहीं कर पाया, उसने अपने पिता को इसकी जानकारी दी। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। रैगिंग का मामला सामने आने के बाद आरोपी छात्रों को सस्पेंड कर दिया गया। उन्हें एंटी-रैगिंग अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। पांचों आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं।




डॉक्टर सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## छोटी-छोटी बातों पर जब महसूस हो तनाव



**मेरी उम्र 69 वर्ष है। मैं अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर तनावग्रस्त हो जाता हूं। इस वजह से मुझे ठीक से नींद नहीं आती और कभी-कभी ब्लड-प्रेशर भी बढ़ जाता है। कृपया बताएं कि मैं अपनी इस समस्या से कैसे निजात पाऊं?**

**-सर्वेश्वर, रायपुर**

आप जो छोटी-छोटी बातों को लेकर तनावग्रस्त होते हैं, तनाव लेने के बजाय आपको उनका समाधान ढूंढना चाहिए। तनाव लेने से कुछ नहीं होगा, लेकिन समाधान से ही सब होना है। इसके साथ ही आप कोशिश करें कि कुछ क्रिएटिव काम करते रहें, क्योंकि अगर आप खाली रहेंगे तो आपका मन इधर-उधर डाइवर्ट होगा और परेशानी बढ़ सकती है। इससे भी आराम नहीं हो रहा है तो जरूर आपको एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मैं जब भी शेव करता हूं, मेरे चेहरे पर रैशेज हो जाते हैं। कई बार तो बड़े-बड़े लाल दाने भी निकल आते हैं। प्लीज इसका सॉल्यूशन बताएं।**

**-मुदित, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि चेहरे में हल्के दाने होंगे, जिसकी वजह से शेव करने से रैसेज पड़ जाते हैं। पहले आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर इसकी जांच कराएं, जिससे कारण पता चलेगा, क्योंकि अगर दाने होंगे और आप शेविंग करेंगे तो यह समस्या बनी रहेगी। हालांकि कई बार शेविंग क्रीम से इंफेक्शन की भी संभावना होती है। यह डॉक्टर जांच करने के बाद बता पाएंगे।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दर्द रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुणाल, दुर्ग**

आपको बगैर देर किए जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि आपके लक्षण देखकर ऐसा लग रहा है कि आपको टाइफाइड हो सकता है, जिसमें बुखार भी रहता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और जांच के बाद ट्रीटमेंट कराएं।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे बैक-पेन की प्रॉब्लम है। लेटे रहने पर तो ठीक रहता है, लेकिन बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया इस समस्या का कोई समाधान बताएं।**

**-शंभुनाथ, महासमुंद**

उम्र बढ़ाने के साथ कई तरह की समस्याएं हो जाती हैं। लेकिन आप बता रहे हैं कि लेटने से आराम मिलता है, यानी मूवमेंट करने में दिक्कत आ रही है। हालांकि कई बार कैल्शियम और विटामिन डी की कमी भी बैक पेन का कारण बनता है। एक बार आप हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर एक्स-रे करा लें, जिससे पता चल जाएगा कि हड्डियों में तो कोई दिक्कत नहीं हो रही है। साथ ही आप नियमित रूप से बैक की एक्सरसाइज करें, इसी से स्थाई रूप में राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे लगातार खांसी आ रही है। घर से बाहर यह प्रॉब्लम और भी बढ़ जाती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-रक्षित, बिलासपुर**

अगर आपको लंबे समय से खांसी आ रही है तो जरूर एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि घर के बाहर समस्या और बढ़ जाती है, इससे ऐसा लग रहा है कि आपको पॉल्यूशन की वजह से ऐसी प्रॉब्लम आ रही है। इसलिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर निकलें तो मास्क पहनकर निकलें। साथ ही एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करा लें, जिससे किसी तरह की शंका न रहे।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। मुझे बीते 3 सालों से पाइल्स की समस्या है। कृपया इसका उचित उपचार बताएं।**

**-एक पाठक, ईमेल से**

पाइल्स की समस्या का सीधा संबंध कब्ज से होता है। अगर आपको कब्ज रहती है तो यह बीमारी होने की संभावना पूरी रहती है। इससे बचाव के लिए आप नियमित रूप में पपीता खाएं। अदरक और मिर्च वाले खाने से परहेज करें। साथ ही ऑयली खाना कम से कम खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से पहले गुनगुना दूध लें। इन प्रयासों से आपको आराम मिलेगा। *

**प्रस्तुति : रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

**हेल्थ-फिटनेस**
**विवेक कुमार**

आज के दौर में हम में से अधिकांश लोगों की लाइफस्टाइल में स्टेबिलिटी बढ़ रही है, फिजिकल एक्टिविटी कम होती जा रही है। जॉब की वजह से भी बहुत लोग लॉन्ग सिटिंग करते हैं। इस वजह से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का रिस्क बढ़ता जा रहा है। कई स्टडीज में इसके नुकसान और इससे बचाव के तरीके बताए गए हैं। आपको इनके बारे में जरूर मालूम होना चाहिए।

## कई बीमारियों का रिस्क बढ़ाती है लॉन्ग सिटिंग



हाल ही में ब्रिटेन की ग्लासगो कैलेडोनियन यूनिवर्सिटी में एक अध्ययन किया गया, जिसमें पाया गया कि एक जगह पर ज्यादा देर तक बैठने वाले लोगों में डायबिटीज, मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इनसे बचने के लिए प्रतिदिन एक्सरसाइज करने की जरूरत होती है। एक्सरसाइज से न केवल गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं बल्कि लगातार बैठने के कारण अचानक होने वाली मौतों का खतरा भी 30 फीसदी तक घट सकता है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार 4 से 6 घंटे बैठने वालों को 12 से 18 मिनट, 6 से 8 घंटे तक बैठने वालों को 18 से 24 मिनट और 8 से 10 घंटे तक बैठने वालों को एक्सरसाइज के लिए कम से कम रोजाना 24 से 30 मिनट देने चाहिए।

### जीवनशैली है जिम्मेदार

लॉन्ग सिटिंग की वजह यह है कि पहले लोगों की जीवनशैली में गतिशीलता अधिक थी। किसी भी काम को करने के लिए उन्हें कहीं न कहीं जाना पड़ता था। आज काम करने के लिए डेस्क है। खाना खाने के दौरान टीवी सेट सामने है। मूवमेंट बहुत कम होती है। पूरा दिन लोग सिर्फ ऑनलाइन रहते हैं। खाना भी हम अपने मोबाइल फोन, टीवी या लैपटॉप के सामने बैठकर ही खाते हैं, जिससे लगातार हम बैठे ही रहते हैं और हमारा वजन बढ़ता है। केवल प्रतिदिन 15 या 20 मिनट की आरामदायक सैर से हम इससे होने वाले तमाम खतरों को कम कर सकते हैं।

### लॉन्ग सिटिंग की वजहें

कई लोगों के लिए ऑफिस वर्क का मतलब ही होता है, कई घंटों तक लगातार एक ही जगह पर बैठे रहना। वे पूरे दिन में बहुत की कम टहलने के लिए निकलते हैं बल्कि कहा जाए तो लगातार घंटों सिर्फ काम ही करते हैं। वे बैठकर लगातार काम करते हैं, बीच में खड़े भी नहीं होते। इस तरह की कार्यशैली को हम अपने काम का एक नियमित हिस्सा मान लेते हैं और इसे आसानी से नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन विभिन्न देशों में शोधकर्ताओं के बीच यह लगातार एक चिंता का विषय बन रहा है। येल मेडिसिन फिजियाट्रिस्ट एरिक के. होल्डर के अनुसार, 'मेरे मस्कुलोस्केलेटल क्लीनिक में लंबे समय तक बैठे रहना और उससे होने वाली कई परेशानियों के कई मरीज आते हैं। इस एक वजह के कारण उन्हें कई अन्य और प्रकार के डॉक्टरों के पास जाना पड़ता है।' वह आगे कहते हैं, 'लोग डेस्क पर बैठे रहते हैं, लंबे समय तक कंप्यूटर या टीवी के सामने बैठे रहते हैं, लगातार कार, ट्रेनों और विमानों में यात्रा करते रहते हैं। यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है, जो कई पुरानी बीमारियों को जन्म दे सकती है।'



### हो सकती हैं कई समस्याएं

येल मेडिसिन विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार बैठने से हमारे पैरों के निचले हिस्से और पंजे थक जाते हैं, उनमें सूजन और दर्द रहने लगती है। वहां रक्त और तरल पदार्थ जमा होने का हमें खुद एहसास होने लगता है। पैर की गहरी नसों में खून का थक्का जम जाता है और खून फेफड़ों तक न जा पाने के कारण हमारे बीमार होने की आशंका बढ़ती है। लगातार स्थिर रहने से इस तरह की समस्या भी उत्पन्न होती है। इसके लिए अपने जोखिम को कम करने हेतु हर 30 मिनट या 1 घंटे के बाद खड़े होकर टहलें। कुछ न कुछ फिजिकल एक्टिविटी करें।

### स्पाइनल कॉर्ड पर पड़ता है दुष्प्रभाव

डॉक्टर होल्डर के अनुसार लंबे समय तक बैठे रहने से रीढ़ की हड्डी के साथ-साथ कंधों और कूल्हों पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कंप्यूटर पर बैठने के दौरान आगे की ओर झुक कर हम अपनी कमर को सीधा नहीं रखते, जिससे मांसपेशियों में थकान होती है। पीठ के निचले हिस्से पर दबाव बढ़ने से रीढ़ की हड्डी का लचीलापन कम हो जाता है। उनके अनुसार 18 से 64 वर्ष की आयु के लोगों को कम से कम 150 मिनट एरोबिक एक्सरसाइज करनी चाहिए। बैठने के बुरे प्रभावों से बचने के लिए पूरे दिन में बार-बार हिलना-डुलना चाहिए।

### सिटिंग के दौरान लेते रहें ब्रेक

डॉ. होल्डर का कहना है कि अपना वर्कस्टेशन ऐसा बनाएं, जिसमें स्टैंडिंग डेस्क हो। अगर ऐसा नहीं है तो अपने लैपटॉप या डेस्क टॉप को ऊंचे काउंटर पर रखें या हर आधे घंटे के बाद थोड़ा उठें और चलें-फिरें। ज्यादा कुछ न कर सकें तो अपनी पानी की बोतल छोटी रखें, ताकि दिन में कई बार पानी भरने के लिए आपको वॉटर कूलर तक जाना पड़े। घर पर भी लगातार टीवी देखने के दौरान विज्ञापनों के दौरान खड़े होने और चलने और स्ट्रेचिंग के लिए ब्रेक लेना चाहिए।



### हार्ट डिजीज का बढ़ता है रिस्क

लगातार बैठना, शारीरिक गतिविधि की कमी से हृदय रोग की आशंकाओं को बढ़ाता है। डॉ. लैंपर्ड का कहना है कि इसके लिए हर घंटे थोड़ी देर टहलना ही एकमात्र समाधान है। लगातार बैठने से वजन बढ़ना, मोटापा, मधुमेह की आशंकाएं भी बढ़ती हैं। इसके अलावा काम पर लगातार बैठे रहना और गतिहीन जीवनशैली, कैंसर का भी कारण बनती है। इसलिए जितना संभव हो सके अपना काम खड़े होकर करें। बीच-बीच में चलते रहें। खड़े रहने से बैठने की तुलना में दोगुनी कैलोरी बर्न होती है।

कहने का कुल सार यही है कि किसी भी वजह से लगातर बैठे रहना हमारे हेल्थ और फिटनेस के लिए बहुत हार्मफुल है। इससे बचाव के लिए हमे यहां बताई गई बातों को अमल में लाना जरूरी है। *

### इनका भी रखें ध्यान

**हम सभी** के पास करने के लिए काम है और कई लोगों के पास इतना समय नहीं है कि वर्कआउट कर सकें। इसलिए जितना संभव हो उतना ही काम करें, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, नियमित व्यायाम करें, धूम्रपान से बचें। शराब और मांस का सेवन कम करें और पर्याप्त मात्रा में फल और सब्जियां खाकर एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम कई रोगों से बच सकते हैं।



---

**घरेलू औषधि / वीना गौतम**

## स्वाद बढ़ाए रोगों से बचाए तेजपत्ता



उत्तर हो या दक्षिण, पूरब हो या पश्चिम, शहर हो या गांव, घर हो या होटल, हर रसोई में मौजूद होता है तेजपत्ता। भारत में तेजपत्ते का इस्तेमाल स्वाद बढ़ाने वाले मसाले के रूप में ही नहीं बल्कि घरेलू औषधि और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी के रूप में भी सदियों से होता रहा है। यही वजह है कि इसकी देश में बहुत ज्यादा डिमांड है और देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मसाले के रूप में जो तेजपत्ता इस्तेमाल किया जाता है, उसमें करीब 70 फीसदी तेजपत्ता भारत से ही जाता है।

तेजपत्ता लॉरेसी परिवार का पेड़ है। अपने देश में इसके कई नाम प्रचलित हैं मसलन-सिन्नामोमम तमाला, मालाबार पत्ता, भारतीय छाल, भारतीय कैसिया या मालाबाथ्रम के नाम से इसे भी जानते हैं। तेजपत्ता का पेड़ भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, चीन, फ्रांस और इटली के साथ-साथ रूस, मध्य अमेरिका, उत्तरी अमेरिका औश्र बेल्जियम में भी पाया जाता है। तेजपत्ता के पेड़ की खेती भारत के कई राज्यों में की जाती है, जैसे- उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर के राज्यों में भी।

**कई रोगों में कारगर:** तेजपत्ता के पेड़ के पत्तों में, लौंग जैसी सुगंध होती है, इसलिए इसका इस्तेमाल जहां मसालों के तौर पर खाना पकाने में किया जाता है, वहीं इसके तेल का इस्तेमाल सिरदर्द, जोड़ों के दर्द, अर्थराइटिस, सूजन आदि में रामबाण सरीखी राहत पाने के लिए किया जाता है। साथ ही तेजपत्ता के पेड़ के पत्तियों का इस्तेमाल हर्बल चाय बनाने में भी किया जाता है।

इसमें एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होते हैं। इसलिए इसके सेवन से शारीरिक सूजन में आराम मिलता है। यह पाचक एंजाइम्स को स्टिमुलेट करता है। इस तरह पाचन में सहायक होता है और अपच, गैस जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। इसमें प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं इसलिए इसका सेवन हमें कैंसर और हार्ट डिजीज के रिस्क से बचाने में भी सहायक होता है। तेजपत्ते में कुछ ऐसे एसेंशियल ऑयल्स पाए जाते हैं, जो सांस संबंधी समस्याओं में राहत देते हैं, सीने की जकड़न को कम करते हैं। *

---

**डाइट सजेशन**
**शिखर चंद जैन**

अच्छे स्वास्थ्य के लिए सिर्फ भरपेट खाना या तरह-तरह के व्यंजन खाना ही पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए आपको भोजन संबंधी कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है। क्या हैं वो भोजन संबंधी कायदे, आपको जरूर जानने चाहिए।

## क्या आप जानते हैं भोजन करने के ये नियम



हम जो भोजन करते हैं, वो हमारे स्वास्थ्य, मन और स्वभाव को भी प्रभावित करता है। जो मन में आया, जब मन में आया खा लिया यह आदत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए जरूरी है, भोजन से संबंधित कुछ नियम-कायदों का पालन करें।

**खाना कब खाएं:** सुबह 10 से 11 बजे के बीच भोजन कर लेना चाहिए ताकि दिनभर कार्य करने के लिए ऊर्जा मिल सके। दिन का भोजन शारीरिक मेहनत के अनुसार अच्छी मात्रा में लेकिन रात्रि-भोजन हल्का और सुपाच्य होना चाहिए। रात्रि भोजन, सोने से दो या तीन घंटे पहले करना चाहिए। अच्छी तरह भूख लगने पर ही भोजन करना चाहिए। नाश्ता हो या लंच या डिनर, नियत समय पर करने से ही पाचन अच्छा होता है।

**खाना कैसे खाएं:** हाथ-पैर, मुंह धोकर व्यवस्थित रूप से बैठकर भोजन करें। खड़े-खड़े, जूते पहन कर, भोजन नहीं करना चाहिए। भोजन अच्छी तरह चबा-चबा कर करना चाहिए वरना दांतों का काम (पीसने का) आंतों को करना पड़ेगा, जिससे भोजन का पाचन सही नहीं हो पाएगा। भोजन करते समय शांत रहना चाहिए। इससे भोजन में लार मिलने से भोजन का पाचन अच्छा होता है। टीवी देखते या अखबार पढ़ते हुए खाना नहीं खाना चाहिए। भोजन हमेशा शांत-प्रसन्नचित्त होकर करना चाहिए।

**क्या-कब और कैसे खाएं:** अगर हम अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो भोजन से संबंधित इन महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखें।

- भोजन को कभी भी भूख से अधिक नहीं खाना चाहिए। इसलिए धीरे-धीरे चबाकर खाना चाहिए और तीन-चौथाई पेट ही भोजन करना चाहिए।
- भूख लगने पर पानी और प्यास लगने पर भोजन नहीं करना चाहिए, अन्यथा स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है।
- भोजन के बीच में प्यास लगने पर थोड़ा-थोड़ा करके पानी पीना चाहिए। भोजन के तुरंत पहले या अंत में तुरंत पानी नहीं पीना चाहिए।
- बासी, ठंडा, कच्चा या जला हुआ और दोबारा गर्म किया हुआ भोजन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी नहीं होता है। इसलिए इनसे बचना चाहिए।
- भोजन पच जाने पर ही दूसरी बार भोजन करना चाहिए। प्रातः भोजन के बाद शाम को अगर अजीर्ण मालूम हो तो कुछ नर्म भोजन लिया जा सकता है। लेकिन रात्रि को भोजन के बाद प्रातः अजीर्ण हो तो बिल्कुल भोजन नहीं करना चाहिए।
- भोजन के तुरंत बाद सोना नहीं चाहिए।
- खाद्य सामग्री में कड़े पदार्थ पहले, नरम पदार्थ बीच में और पतले पदार्थ भोजन करने के अंत में खाना चाहिए।
- भोजन करते समय प्रारंभ में मीठे, बीच में नमकीन और अंत में कसैले पदार्थों को खाना चाहिए।
- भोजन करने से पहले केला और ककड़ी नहीं खाना चाहिए।
- भोजन में दूध, दही, छाछ का प्रयोग दीर्घजीवी बनाता है।
- भोजन करने के बाद न क्रोध करें, न तुरंत व्यायाम करें। इससे स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है।
- डिनर के बाद दूध पीना हितकर है।

**भोजन के बाद क्या करें:** लंच के बाद टहलना और डिनर के बाद में सौ कदम टहलकर बाईं करवट लेटने या वज्रासन में बैठने से भोजन का पाचन अच्छा होता है। भोजन के एक घंटे पश्चात मीठा दूध और फ्रूट लेने से भोजन का पाचन अच्छा होता है।

**भोजन के बाद क्या न करें:** भोजन के तुरंत बाद पानी या चाय नहीं पीना चाहिए। भोजन के पश्चात घुड़सवारी, दौड़ना, बैठना, लेटना, सोना नहीं चाहिए।

**क्या-क्या न खाएं:** रात्रि को दही, सत्तू, तिल और गरिष्ठ भोजन नहीं लेना चाहिए। दूध के साथ नमक, दही, खट्टे पदार्थ, मछली, कटहल का सेवन नहीं करना चाहिए। शहद और घी का समान मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए। दूध-खीर के साथ खिचड़ी नहीं खाना चाहिए। *

**(डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

---

**योगोपचार**
**दिव्यज्योति 'नंदन'**

शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाने में अर्धचंद्रासन बहुत कारगर है। इससे कई तरह की शारीरिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है। लेकिन इसे करते समय बहुत सावधानी रखनी चाहिए। इस आसन को करने की विधि, इससे होने वाले लाभ और सावधानियों के बारे में जानिए।

## शारीरिक-मानसिक संतुलन बनाने में सहायक अर्धचंद्रासन



अर्धचंद्रासन या 'हाफ मून पोज' हठ योग का बहुत ही महत्वपूर्ण आसन है। इस योगासन में शरीर अर्धचंद्र के आकार में आ जाता है। यह वह अवस्था है, जो सप्तमी या अष्टमी के चांद की होती है। इस आसन को करने के दौरान पूरे शरीर को सिर्फ पैर और हाथों के बीच में बैलेंस किया जाता है। यह आसन शरीर को गजब की संतुलन शक्ति देता है। अर्धचंद्रासन को कई योग शैलियों में अलग-अलग ढंग से किया जाता है। लेकिन इसका सबसे मूल प्रकार हठ योग में ही दिखता है। यह शरीर में लचीलापन लाता है।

**अर्धचंद्रासन के फायदे:** यह शारीरिक और मानसिक संतुलन को सुधारता है, शरीर में लचीलापन बढ़ाता है। शरीर के मुख्य हिस्सों जैसे पीठ, पैर और कूल्हों को लचीला बनाने के साथ ही उन्हें मजबूत भी बनाता है। इसी तरह पैर, टखनों और कंधों को भी मजबूती देता है। इस आसन का प्रभाव पूरे शरीर पर पड़ता है और यह पूरे शरीर को एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है। नियमित रूप से यह आसन करने से रीढ़ की हड्डी और पीठ दर्द से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाता है। यह पाचनतंत्र को सुधारता है, वजन घटाता है, सांस लेने की क्षमता को बेहतर बनाता है, टखनों, हैमस्ट्रिंग और पिंडलियों को ताकत देता है। हिप्स, चेस्ट और शोल्डर्स को खोलता है। छाती और शरीर को गठीला बनाता है। बॉडी को टोंड करता है। सिक्स पैक एब्स बनाने में मददगार है। पेल्विक मसल्स को मजबूत करता है, साथ ही यह पाचनग्रंथियों को भी स्टिमुलेट करता है।

**करने की सही विधि:** पहले अपने योगा मैट पर त्रिकोणासन में खड़े हो जाएं। दायां पैर आगे रखें। अब दाहिने घुटने को मोड़ें और अपने बाएं हाथ को कूल्हे पर लाएं। दाहिने हाथ को दाहिने पैर के सामने फर्श पर ले जाएं। इस दौरान हाथ आपके कंधे के नीचे होना चाहिए। यह प्रक्रिया करते हुए एक फुट सामने की ओर देखें। अब पांच या छह इंच अपने दाहिने पैर के दाईं ओर हों और हाथों को इतना झुकाएं कि बस अंगुलियां फर्श पर रहें और दाएं पैर को उठाते हुए दाहिने पैर को सीधा करना शुरु करें। जबकि बाएं पैर को जितना संभव हो सीधा रखें। कूल्हे को खोलें, दाएं कूल्हे के शीर्ष पर बाएं कूल्हे को लेकर आएं। पैर की अंगुलियों के साथ बाएं पैर को फ्लैक्स करें। जब दायां पैर संतुलित हो जाए तो बाएं पैर को ऊपर ले जाएं। दाएं और बाएं पैर को सीधा करते हुए फर्श पर सीधी रेखा बनाएं और कम से कम पांच सांसों तक खुद को संतुलित बनाए रखें, फिर सामान्य हो जाएं।

**इन बातों का रखें ध्यान:** अर्धचंद्रासन करते समय ध्यान रखें कि सही मुद्रा बनाए रखना जरूरी है। अगर गलत तरीके से इस आसन को करते हैं तो आसन भले हो जाए, संतुलन सधना नहीं शुरू होगा। इसे हमेशा खाली पेट करें या तब करें जब कम से कम चार-पांच घंटे पहले खाना खाया हो। शुरुआत में दीवार या किसी सहारे की सहायता से करें। लेकिन तब यह आसन कतई न करें, जब आपकी रीढ़ की हड्डी में दर्द हो, डायरिया या अस्थमा की समस्या हो। विशेषकर गर्दन में दर्द हो, कंधे में दर्द की समस्या होने पर हाथ ऊपर न उठाएं। घुटनों में दर्द या अर्थराइटिस होने पर दीवार के सहारे ही अभ्यास करें। दिल और हाई ब्लडप्रेशर के मरीज इसे न करें। *



## खबर संक्षेप

### जहर सेवन कर अधेड़ ने की आत्महत्या

**धमतरी।** कीटनाशक दवाई का सेवन कर गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती अधेड़ की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार टेकराम यादव पिता दीनदयाल उम्र 47 वर्ष ग्राम गातापार थाना जीजामगांव आर निवासी ने बीते 3 फरवरी को अज्ञात कारणों से अपने घर में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था। उसे उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मंगलवार की रात्रि अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने बुधवार को पंचनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** एनएच 53 बैतारी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रामकृष्ण प्रधान की बाइक सीजी 06 जीवाय 2437 को गणपति टाटा मोटर्स के सामने एनएच 53 रोड बैतारी के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

### सर्पदंश से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** गोण्डाहुर थानांतर्गत गोण्डाहुर निवासी 40 वर्षीय अर्चना मजुमदार का ईलाज के दौरान 26 जनवरी को शाम साढ़े 4 बजें मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अननुसार मृतिका को सांप ने काट लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई।

# धान लदे ट्रक की ठोकर से बाइक सवार पुत्री की मौत, पिता गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर





पखांजुर में 12 फरवरी को पिता मोटर सायकल से बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहे थे, तभी धान से भरी ट्रक के चालक ने लापरवाही बरतते हुए मोटर सायकल को ठोकर मारा, जिसमें मोटर सायकल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं मोटर सायकल में पीछे बैठी बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक को अपने कब्जे में ले लिया वहीं घायल को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पखांजुर में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को मृतिका शिक्षिका 29 वर्षीय तुलसी बढ़ई अपने पिता नेपाल बढई के साथ मोटर सायकल में सवार होकर पखांजूर से माटोली की ओर जा रहे थे। मोटर सायकल को नेपाल बढई चला रहा था, पिछली सीट पर मृतिका बैठी हुई थी। पखांजूर से भानप्रतापपुर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीडब्ल्यू 6713 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सुबह लगभग 10 बजे के आसपास नेपाल बढई के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे मोटर सायकल चालक नेपाल बढई दूर छिटक कर गिर गया तथा पिछली सीट पर सवार मृतिका तुलसी बढई की मौके पर ही मृत्यु हो गया। घटना से मृतक के घर में मातम छा गया। आरोपी ट्रक के चालक का कृत्य अपराध धारा 281, 125 (अ), 106 (1) बीएनएस का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पखांजुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार करके शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया।

## दो साल के मासूम को वेन ने कुचला, मौत

**भिलाई।** स्कूल की वेन ने दो साल की मासूम को कुचलने का मामला प्रकाश में आया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि बुधवार की सुबह 7-8 बजे कंट्रेक्टर कालोनी वार्ड 17 सुपेला निवासी विभा जायसवाल के बच्चे संजोना जायसवाल 6 वर्ष, संगीता जायसवाल 4 वर्ष राम नगर स्थित कृष्णा विद्यालय में पढ़ाई करते है। सुबह स्कूल की वेन सीजी-07 सीटी-6611 घर के पास बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए पहुंची थी। इस दौरान संजोना, संगीता वेन में बैठ गए। इधर 2 वर्ष की अंशिका दौड़ते हुए अचानक पहुंची चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे चपेट में लिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल अंशिका को पहले लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया। स्थिति गंभीर होने से उसे निजी अस्पात भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। अंशिका के पिता श्रवण जायसवाल काम के सिलसिले में बाहर गए हुए है। बच्चीं की मां अंशिका को अपनी गोद में लेकर वेन तक पहुंची थी इस दौरान अंशिका को गोद से नीचे उतार दिया। तब अंशिका वेन के सामने अचानक आ गई और चालक बिना चेक करे वाहन को आगे बढ़ा दिया।

# रिश्तेदार बनकर घर पहुंचा और शनि ग्रह दूर करने का झांसा देकर ठग लिए जेवर व नकदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम चाराचार के एक परिवार के घर आए एक अज्ञात व्यक्ति ने अपने आप को रिश्तेदार बताकर व घर में शनिग्रह का डर दिखाकर घर के लोगों को शनिग्रह दूर करने के लिए सामान लाने भेजकर सोने चांदी के जेवरात समेत एक हजार नकदी समेटकर फरार हो गया।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर 11 फरवरी को थाना रनचिराई में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 318(4), 331(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम चाराचार निवासी हरिराम यादव ने बताया कि 18 जनवरी को दोपहर मेरी मां बैसाखीन बाई यादव और मेरे बच्चे घर में थे। उसी समय एक व्यक्ति जो ग्राम पुरूर का हूं, आपके रिश्तेदारी में मामा हूं बोला और मेरे मामा लोग का नाम बताया। इस पर हम लोगों ने भी उससे अच्छे से बातचीत की।

### आरोपी की बातों में आकर उतार दिए जेवर

शाम को जब बकरी चराकर घर आया, तब मेरी मां रो रही थीं। मैंने पूछा तो उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति रिश्तेदार बनकर घर आया था, वह सोना चांदी लेकर चला गया। उसने घर में शनि ग्रह है, सिध्दी करनी पड़ेगी कहकर घर के जेवर को निकालने को कहा। उसकी बात पर विश्वास करके पहने हुए 22 तोला चांदी की ऐंठी, सोने की तीन पत्ती वाली माला और 1000 रूपये निकालकर घर में जमीन पर उसके सामने रख दी।

# आयकर रिटर्न के नाम पर 1.46 लाख ज्यादा वसूले, सीए पर धोखाधड़ी का केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

शहर के प्रतिष्ठित सीए श्रीचंद लेखवानी पर कोर्ट के आदेश के बाद मोहन नगर थाने में धारा 420, 384, 389, 418, 109 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। शदाणी दरबार के पास, सिंधी कॉलोनी निवासी श्रीचंद लेखवानी ने कोर्ट में उनके विरुद्ध परिवाद दायर किया था। न्यायाधीश अंकिता गुप्ता ने मोहन नगर पुलिस के आदेश जारी किया कि मामले में अपराध दर्ज कर जांच करे, साथ ही इसकी जानकारी न्यायालय को दें। इसके बाद मोहन नगर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि 4 फरवरी को कोर्ट से आदेश जारी हुआ। इस मामले में रामचंद्र गोदवानी ने सीए श्रीचंद लेखवानी के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि आयकर रिटर्न भरने के लिए 5,36,160 रुपए श्रीचंद लेखवानी ने उनसे लिए। जबकि आयकर विभाग को भुगतान 3,90,000 रुपए किया गया। इस प्रकार 1,46,160 रुपए अतिरिक्त लिए गए। रामचंद्र ने बताया कि उसका पूर्व में क्रेशर के कारोबार रहा है। श्रीचंद पेशे से सीए हैं। आयकर विवर्णिका शासन के दिशा निर्देशों के तहत श्रीचंद के माध्यम से वे प्रेषित करते रहे हैं।

# 38 लाख 55 हजार कीमत की 4770 बल्क लीटर शराब जब्त

**कवर्धा/चिल्फी।** विशेष रूप से बाहरी शराब और स्थानीय स्तर पर बनने वाली महुआ शराब के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रहे जिला आबकारी विभाग ने एक बार फिर बाहरी शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। आबकारी विभाग ने इस बार आबकारी जांच चौकी चिल्फी के पास नाकाबंदी कर 330 पेटी कुल 16500 नग पौवा देशी मदिरा प्लेन नॉन ड्यूटी पैड तथा 4770 बल्क लीटर 26500 पौवा जप्त की है। जप्त शराब का बाजार मूल्य 38 लाख 55 हजार रूपए आंका गया है। इसके अलावा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्त एक ट्रक को भी जप्त किया है तथा मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अन्य राज्य की अवैध शराब की संभावना को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे द्वारा आबकारी जांच चौकी एवं अंतर्राज्यीय सीमा के विभिन्न संवेदनशील मार्गों में अवैध शराब के विक्रय/ धारण/ परिवहन के विरूद्ध सघन जांच करने हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए थे।


फ्लैट बेचना है किराये से देना है

शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-

मो. : 9977345867

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइलः - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) मे बिलिंग (TALLY) के लिए लड़का / लड़की की आवश्यकता है मो.7067048454. (RO-6217)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर की दुकान में कार्य करने लड़के/लड़कियों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार गुरुनानक इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर गुरुद्वारा रोड श्यामनगर तेलीबांधा रायपुर. 9893332145 (RO-7446)

**सेल्स एक्जीकेटिव**

आवश्यकता है- सेल्स एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है कार्य स्थल गीदम, दंतेवाड़ा, कांकेर, बीजापुर वेतन 30,000 तक + टी.ए, डी.ए स्थानीय को प्राथमिकता Send CV Whatsapp 9685946665 इमदाडी सेल्स रायपुर (RO-6216)

**सिविल सुपरवाइजर**

REQUIRED CIVIL SUPERVISOR For a construction co. & experience preferred
SRISHTI 25 YEARS OF TRUST
9755135877
6260178752
sansarbuildcon@gmail.com

**सिविल इंजीनियर**

आवश्यकता है- सिविल इंजीनियर, साइट सुपरवाइजर, चौकीदार की आवश्यकता है। पता - जगदम्बा कंस्ट्रक्शन कबीर नगर रायुपर मों.- 8815464571.(RO-A)

**जॉब कंसलटेन्सी**

आवश्यकता है- कैरियर जॉब कंसलटेन्सी में पर्सनल सेकेटरी, टैली कॉलर, प्लांट सुपरवाइजर रिसेप्शनिस्ट, बिलिग एक्जीक्यूटिव, नर्सिंग, कस्टमर रिलेसन्स, सिक्युरिटी ऑफिसर, कंप्यूटर ऑपरेटर, बिलिग इंचार्ज, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर, सेल्स ट्रेनर, स्टोर इंचार्ज साइड सुपरवाइजर, पी आर टी इंग्लिश हिन्दी एन्ड के जी मदर टीचर संपर्कः- ऑफिस रायपुर घड़ी चौक 7879706968, 7389669576, 9131685985, 6265983246. (RO-932)

**लैब असिस्टेंट**

आवश्यकता है- शर्मा पैथोलॉजी लैब में लैब असिस्टेंड लड़को की शीघ्र आवश्यकता है। योग्यता 12वीं पास। पताः- शर्मा पैथालॉजी लैब प्रथम तल प्रिंयका कॉम्पेलेक्स दुर्ग (छ.ग.) मो.-94060-90948(आरो न.-680)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**एजेंसी/ड्रायवर कार्य**

आवश्यकता है- मेडिकल एजेंसी में कार्य हेतु फ्रेशर युवतियों एवं युवकों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। संपर्क करें - यूनिकेयर मेडिकल एजेंसी कचहरी रोड दुर्ग- 74152-60003.(आरो न.-1511)

**डिलीवरी/पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में डिलीवरी एवं पैकिंग कार्य हेतु मेल स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार, अनुभवी को प्राथमिकता न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10th संपर्क करें संजय मेडिकल स्टोर 4, मेडिकल कॉम्पलेक्स रायपुर मोबाइल 9425287088.(RO-6219)

**दुकान/गोडाऊन कार्य**

आवश्यकता है- दुकान/गोडाऊन में कार्य करने हेतु मेहनती युवक की आवश्यकता है सैलरी- 11000/- अथवा योग्यतानुसार। संपर्क करें- रायपुर कृषि केन्द्र, शॉप नं.-124, एस.के.प्लाजा कॉम्पलेक्स, बॉम्बे मार्केट, रायपुर (RO-1632)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- फील परमार्थम आश्रम,सेक्टर 3, भिलाई में तत्काल आवश्यकताः 1.पुरुष एवं महिला केयरटेकरः दायित्वःभोजन परोसना, नहलाना, डाइपर बदलना, A शिफ्ट सुबह11 से रात 9, B शिफ्ट रात 9 से सुबह7, 2.रसोईया समयः 7:30am - 1Pm, 4pm -8pm संपर्कः 7000487419 (आरो न.-677)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस स्टॉफ हेतु लड़के / लड़कियो की आवश्यकता है। पता हेतु बायोडाटा वॉट्सऐप करें- 7390843179 जरुरतमंद ही संपर्क करें:-दुर्ग (आरो न.-679)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें- 9343467254, 7470490884.(RO-6220)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000/- से 15000/- ऑफिस पता संतोषी नगर के आगे डुण्डा दुर्गा मंदिर के पास मों. नंबर 9329176284, 9343688254.(RO-6218)

आवश्यकता है- शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 तक अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है , योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -10000 रहना खाना फ्री , ट्रेनिंग के बाद कमाए 20 से 25 हजार महीना 8871422576, 9981576163. (RO-302)

आवश्यकता है- रायपुर में कार्य करने हेतु आठवीं/ दसवीं तक पढ़े लड़कों की आवश्यकता है। कार्य समय 11:00 से 8:00 बजे तक इच्छुक (मोबाइल नंबर) सहित संपर्क करें शिल्पा सेल्स ए-10 आरडीए कॉम्पलेक्स शारदा चौक रायपुर (RO-7204)

आवश्यकता है- आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र संपर्क करें- 8937847856, 6395268809.(RO-301)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- फर्नीचर एवं इलेक्ट्रानिक्स दुकान में कार्य करने हेतु लड़के लड़कियो व कम्प्यूटर आपरेटर कीः शीघ्र संपर्क करें अरुण कुमार एण्ड संस उतई पाटन रोड, महिमा अस्पताल के सामने उतई (आरो न.-681)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः- 9329103178. (RO-3290)

**टीचर**

Requirment- Looking for Qualified Teacher who can Teach 10-12th PCM CBSE syllabus based at Bhilai. College topper preferred, PG, BE, BTECH Student can Also Apply. Outstanding salary. Contact enquiry@asnand.com WhatsApp 7803898054 (RO-42214)

**प्यून/चपरासी**

आवश्यकता है- गोडाऊन में कार्य हेतु लेबर (पीयून/चपरासी) की । सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास, भनपुरी बाजार चौक, भनपुरी, रायपुर । संपर्क - 6266694683 (समय - 10 से 6) (RO-934)

**मुनीम**

आवश्यकता है- रायपुर, दोनदेकला स्थित दाल मिल में एक मुनीम की आवश्यकता है, जिसको कंप्यूटर की जानकारी हो, संपर्क करें ,9425205358, 9424214111.(RO-33)

**दुकान/टैली कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु युवकों एवं कंप्यूटर (टेली ,अकाउंट) हेतु युवतियों की आवश्यकता है,वेतन योग्यतानुसार । संपर्क - नरूला ट्रेडर्स, एम.जी. रोड,रायपुर । मोबाइल - 9425147854. (RO-493)

छोटा विज्ञापन

**इलेक्ट्रीशियन**

आवश्यकता है- Assistant project head Qualification- B.E. Electrical, B.E. Computer Science माना बिजली ऑफिस, सेज बहार बिजली ऑफिस, समोदा बिजली ऑफिस, लामा शिवनी बिजली ऑफिस इन सभी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। योग्यता- 10वीं 12वीं (ITI, non ITI) मोबाइल नंबर - 7828997228, 9644176000.(RO-6221)

**इवेन्ट प्लानर**

Requirment- Shiba Creative (SC) is a leading Event Management company in central India. We are looking for Female Event planner role based in Bhilai. Salary in 5 figures. Please contact us at enquiry@asnand.com and WhatsApp 07803898054 (RO-42209)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.(RO-3275)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004.(RO-3262)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 9111760925, 7477221345, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-3194)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Property प्रापर्टी**

**भूमि**

भूमि बेचना है- अंजोरा से 6 कि. मी., ग्राम भरदा पिकनिक स्पॉट से मात्र 3 कि.मी. ग्राम बिरेझर में फॉर्म हाऊस के लिए प्लॉट उपलब्ध है। सम्पर्क :- 99814 23470.(आरो 670)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- बिरगांव /उरला क्षेत्र में स्कूल संचालन हेतु लगभग 4000 वर्गफीट किराए पर भवन चाहिए जिसमें 5 कमरे, शौचालय एवं खेल गतिविधियों हेतु खुले स्थान की व्यवस्था हो संपर्क करें:- 9770097780, 8319536251. (RO-3288)

हरिभूमि क्लासीफाईड

हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD — 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply
SCHEME (Running) 5+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50 Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.
ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**Healthcare**

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क डॉ. अहमद
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
दिन- सोमवार, मंगलवार बुधवार, 10 से 5 बजे तक रविवार, 10 से 2 बजे तक
9098889899


चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग

यदि आप सभी उपाय एवं ईलाज कराकर थक गये हो। ना ही दवा को आप छोड़ पाते है ना ही दवा आपको छोड़ता हो बीमारी बार-बार होता हो तो रस रसायन एकमात्र उपाय है। ये सदा के लिए रोग से मुक्ति दिलाकर नवजीवन प्रदान करता है। क्योंकि यह वीर्य के निर्माण के साथ इम्यून सिस्टम में काम करता है जो अचूक है। यह रोग ही नही कारण को दूर करता है।
रस-रसायन अर्थात आयुर्वेद के रस भस्म थोड़ा महंगा परंतु सटिक प्रमाणिक चिकित्सा है। जो रोगी के शरीर मे जाने पर चूक नहीं सकता परंतु वात पित्त कफ से सबंधित रोग का निर्णय दवा का गुण एवं सटिक मात्रा की जानकारी होना आवश्यक है।
(1) समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस, जोड़ो में दर्द, ऊंगलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
(2) समस्त प्रकार के वायरस-जन्य रोग हेपाटाइटिस (ABC) हर्पिस रोग (स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने-फूंसी, छाले चमड़ी का फटना, लाल होना, रुखेला) जीवाणु जन्य रोग, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक)
(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग। नोट : पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग(इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान !
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।




18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844



# अनुपम ने बिजनेसमैन को पढ़ाया अभिनय का पाठ...

**मुंबई।** अपने अभिनय से लाखों दिलों पर राज करने वाले अभिनेता अनुपम खेर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनके पास न केवल अभिनय की कला है, बल्कि दूसरों में भी इस कला को उभारने का अद्भुत हुनर है। हाल ही में अभिनेता ने व्यवसायी रितेश अग्रवाल को अभिनय का एक छोटा सा पाठ पढ़ाया। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह रितेश अग्रवाल को अभिनय के लिए कुछ लाइनें देते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान अनुपम ने रितेश को अभिनय के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें भी बताईं। कुल मिलाकर ग्यारह प्रयासों के बाद रितेश ने इस सीन को इतने शानदार तरीके से निभाया कि अनुपम भी उनके अभिनय से प्रभावित हो गए।

लाइफ Style



# श्रीलीला
## अनुराग की फिल्म में आएंगी नजर

अभिनेत्री श्रीलीला अब अनुराग बसु की रोमांटिक फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी, जिसमें पहले तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में थीं। श्रीलीला कई फिल्मों के जरिए अपनी खास पहचान बना चुकी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब खबर है कि वह बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसका पहले नाम 'आशिकी 3' बताया जा रहा था। हालांकि, अब फिल्म का नाम 'आशिकी 3' नहीं है, क्योंकि इस शीर्षक पर विवाद जारी है। ऐसे में फिल्म के शीर्षक को लेकर आधिकारिक ऐलान होना बाकी है। वहीं, अब फिल्म की मुख्य नायिका को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। इससे पहले खबर थी कि फिल्म में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की लिया गया था। हालांकि, बाद में कुछ कारणों से फिल्म से बाहर हो गईं। तृप्ति के फिल्म से बाहर होने को लेकर कई धारणाएं बनाई गईं कि किरदार के मासूम चेहरे की मांग के कारण तृप्ति को बाहर किया गया है, क्योंकि वह रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में अपने प्रदर्शन के कारण फैंस के बीच बोल्ड इमेज बना चुकी हैं। हालांकि, अनुराग बसु ने इन बातों का खंडन करते हुए कहा था कि ये बातें सच नहीं हैं और तृप्ति भी यह जानती हैं। अब फिल्म के लिए नई अभिनेत्री को चुन लिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक अनुराग बसु की मुख्य महिला अभिनेत्री की तलाश आखिरकार श्रीलीला पर आकर रुकी।

हॉलीवुड मसाला



# वर्षों पुरानी है स्विफ्ट से रंजिश

**लॉस एंजिल्स।** कान्ये और स्विफ्ट के बीच की दुश्मनी 2009 से शुरू हुई थी। उस समय रैपर ने अचानक स्विफ्ट के माइक्रोफोन को छीन लिया था जब वह एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवाड्‌र्स में अपने हिट सॉन्ग 'यू बिलॉन्ग विद मी' के लिए 'बेस्ट फीमेल वीडियो' अवॉर्ड ले रही थीं। उस समय कान्ये ने कहा था कि वह स्विफ्ट के लिए खुश हैं, लेकिन वह पूरी तरह से बियॉन्से के पक्ष में हैं, क्योंकि उनके पास सबसे बेहतरीन वीडियो थे। हमेशा विवादों में रहने वाले कान्ये वेस्ट का एक्स अकाउंट निष्क्रिय हो गया है।



# क्या बियांका पर होगा कानूनी एक्शन?

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में हुआ 67वां ग्रैमी अवाड्‌र्स चर्चा का केंद्र बना रहा, जिसकी मुख्य वजह थी कान्ये वेस्ट की पत्नी बियांका सेंसरी। बियांका ने रेड कार्पेट पर बोल्ड ड्रेस में पूरी मीडिया में सनसनी मचा दी थी। अब कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सामने आ रहा है कि इनपर कोई कानूनी एक्शन नहीं होगा। सूत्रों ने बताया कि ग्रैमी अवार्ड एक निजी समारोह है, जिसके सदस्यों ने पुलिस में कोई शिकायत नहीं की है, इस कारण बियांका पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। साथ ही एक वकील ने इंटरव्यू में बताया कि बियांका सेंसरी ने जो किया वह गलत है, लेकिन अगर आप किसी को ठेस पहुंचाने के लिए अश्लील व्यवहार करते हैं, तो उसपर कार्रवाई होती है। इस कारण बियांका के ऊपर यहां कोई कार्रवाई नहीं हो सकती।



# रणबीर को नॉनसेंस बिल्कुल पसंद नहीं


**मुंबई।** रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'छावा' के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल भी नजर आने वाले हैं। फिल्म प्रमोशन के दौरान ही रश्मिका के पैर में फ्रैक्चर हो गया, इसके बाद भी वे फिल्म प्रमोशन में दिखाई दे रही हैं। रश्मिका ने रणबीर कपूर, अल्लू अर्जुन और विक्की कौशल को लेकर अपनी राय दी है। रश्मिका ने कहा, उन्होंने कई सारे शानदार सितारों के साथ काम किया है। तीनों ही अभिनेता बेहद शानदार अभिनय करते हैं, साथ ही बहुत अच्छे इंसान भी हैं। रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को लेकर कहा कि उनके साथ वाइब भी मैच होती है। वे बहुत एनर्जी के साथ काम करते हैं। रश्मिका ने कहा, रणबीर के साथ काम अच्छा होता है। हम दोनों को ही नॉनसेंस चीजें नहीं पसंद हैं।



# 'आश्रम-3' के दूसरे पार्ट का टीजर रिलीज

**मुंबई।** साल 2025 की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज 'आश्रम 3: पार्ट 2' का टीजर रिलीज हो गया है। बॉबी देओल ने 'आश्रम 3: पार्ट 2' का टीजर शेयर करते हुए अपने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भक्तों का इंतजार होगा खत्म, जल्द ही। 'एक बदनाम आश्रम' के तीसरे सीजन का दूसरा पार्ट अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होगा। सामने आए टीजर में पम्मी, बाबा निराला से बदला लेती नजर आ रही है। वह इस खेल में बाबा निराला को बहलाने और भोपा को बाबा निराला से अलग करने की कोशिश करती है। टीजर की शुरुआत में बाबा निराला के भक्तों की भीड़ दिखाई जाती है। फिर पम्मी की झलक देखने को मिलती है जिसमें पम्मी दुल्हन के लहंगे में मुस्कुराते नजर आती है। इसके बाद पम्मी, बाबा निराला और भोपा की जोड़ी को तोड़ने की कोशिश करती है।

टीवी मसाला




# हिना के लिए बारात लेकर पहुंचे बॉयफ्रेंड रॉकी..?

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हिना खान और रॉकी जैसवाल की शादी जैसा दिखने वाला एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने फैंस को कन्फ्यूज कर दिया। इस वीडियो में तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली को बाराती बन डांस करते देखा जा सकता है। हालांकि, इस वीडियो की सच्चाई कुछ और है। टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हिना खान पिछले कुछ महीनों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं, लेकिन उनकी हिम्मत और जज्बे ने सभी को प्रेरित किया है। इस मुश्किल वक्त में उनके बॉयफ्रेंड रॉकी जैसवाल उनके साथ मजबूती से खड़े हैं और हर कदम पर उनका साथ दे रहे हैं। अब हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आपको भी लगेगा कि हिना और रॉकी शादी कर रहे हैं। इस वीडियो में हिना खान और रॉकी जैसवाल दूल्हा-दुल्हन की तरह सजे-धजे नजर आ रहे हैं। माहौल भी किसी ग्रैंड शादी जैसा लग रहा है। वीडियो में तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली बारातियों की तरह नाचते हुए दिख रहे हैं और सीनियर एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी दोनों की आरती उतारकर उनका स्वागत करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस कमेंट में दोनों को शादी की बधाई दे रहे हैं। लेकिन वीडियो की असलियत इनकी शादी नहीं, बल्कि सेलिब्रिटी मास्टरशेफ का एक खास एपिसोड है जिसमें हिना और उनके बॉयफ्रेंड रॉकी का स्वागत किया गया है।

## दादी-सा के सामने नहीं काम करेगा अभिरा का तिकड़म, अरमान करेगा अपने प्यार का इजहार

**नई दिल्ली।** अभिरा को माधव के कमरे से अरमान की असली मां की फोटो मिलेगी, लेकिन फोटो में शिवानी का चेहरा साफ नजर नहीं आएगा। ऐसे में अभिरा इस फोटो की कॉपी बनवाने जाएगी।




अभीर और चारू की शादी वाले दिन कोरियर वाला अभिरा के लिए एक पार्सल देकर जाएगा। अभिरा जब पार्सल खोलेगी तब उसे समझ आएगा कि गलती से कोरियर वाले ने अरमान का पार्सल उसे और उसका पार्सल अरमान को दे दिया है। अभिरा पौद्दार हाउस जाएगी। जब वह इधर-उधर अपना पार्सल ढूंढ रही होगी तब उसकी नजर दादी-सा पर पड़ेगी। पहले तो अभिरा को समझ नहीं आएगा कि दादी-सा क्या कर रही हैं, लेकिन कुछ देर बाद अभिरा समझ जाएगी कि दादी-सा, अरमान की असली मां की फोटो जला रही हैं। अभिरा दौड़कर दादी-सा के पास जाएगी।

# अपने प्यार के लिए हर हद को किया पार मोहब्बत का दूसरा नाम बनीं ये नायिकाएं

*नई दिल्ली। वैलेंटाइन वीक है तो प्यार-मोहब्बत की बातें होंगी। हम भी आपको बड़े पर्दे की ऐसी नायिकाओं के बारे में बता रहे हैं, जो इश्क का दूसरा नाम बन गईं। फिल्मों में इन नायिकाओं ने अपने प्यार के लिए हर हद को पार किया है। बॉलीवुड में कई बेहतरीन प्रेम कहानी वाली फिल्में बनी हैं। कई लव स्टोरी वाली फिल्मों की खास बात यह रही है कि इसमें नायकों के साथ नायिकाओं के किरदार भी यादगार बन गए। जानिए, ऐसी ही कुछ फिल्मी नायिकाओं के बारे में जिन्होंने बड़े पर्दे पर टूटकर प्यार किया। साथ ही दर्शकों के मन पर भी अपने किरदार की एक अमिट छाप छोड़ दी।*

*__वीर जारा की जारा:__ फिल्म 'वीर जारा' में प्रीति जिंटा ने जारा का किरदार निभाया था। यह किरदार एक पाकिस्तानी लड़की का था, जो एक हिंदुस्तानी ऑफिसर वीर (शाहरुख खान) से मोहब्बत करने लगती है। दोनों को किस्मत जुदा कर देती है। जारा को लगता है कि वीर मर चुका है। ऐसे में वह पाकिस्तान छोड़कर भारत आती है और वीर के गांव में बस जाती है, उसके अधूरे सपनों को पूरा करती है। आखिर में वीर और जारा मिल जाते हैं, एक हो जाते हैं।*



*__देवदास की पारो-चंद्रमुखी :__ ऐश्वर्या रॉय और माधुरी दीक्षित ने फिल्म 'देवदास' में पारो और चंद्रमुखी का किरदार निभाया था। दोनों ही नायिकाएं देव (शाहरुख खान) से प्यार करती है। देव के आखिर लम्हों में पारो उससे मिलने के लिए सामाजिक बंधनों को तोड़ने की कोशिश करती है। वहीं चंद्रमुखी, देव का मुश्किल घड़ी में पूरा साथ देती है।*

*__दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे की सिमरन :__ काजोल ने फिल्म 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' में सिमरन का रोल किया था। सिमरन, राज से मोहब्बत करती है। फिल्म के आखिर में वह राज के साथ जाने के लिए पिता द्वारा तय की गई शादी को तोड़ देती है। पिता को भी अपनी मोहब्बत का यकीन दिलाती और राज के पास चली जाती है।*

*__'कहो ना प्यार है' की सोनिया सक्सेना :__ अमीषा पटेल ने अपने कॅरियर की पहली फिल्म 'कहो ना प्यार है' में सोनिया का किरदार निभाया था। सोनिया, रोहित (ऋतिक रोशन) से प्यार करती है। लेकिन, अचानक रोहित की मौत हो जाती है। रोहित के चले जाने का गम सोनिया बर्दाश्त नहीं कर पाती है। बाद में फिल्म में राज की एंट्री होती है, जो बिल्कुल रोहित जैसा दिखता है। लेकिन, राज को सोनिया आसानी से नहीं अपनाती है।*


*__परदेस की गंगा-ताल की मानसी :__ महिमा चौधरी ने फिल्म 'परदेस' में गंगा का रोल किया था, यह किरदार भी हीरो को अहसास कराता है, वह उसे प्यार करता है। फिल्म में लीड रोल शाहरुख खान ने निभाया था। इसी तरह फिल्म 'ताल' में मानसी (ऐश्वर्या राय) भी अपने प्यार को कभी नहीं भूलती है।*

# 'केसरी वीर' का मोशन पोस्टर आया सामने

**मुंबई।** फिल्म 'केसरी वीर' का मोशन पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने इस फिल्म से जुड़ी एक पोस्ट अपने ट्वीटर अकाउंट पर शेयर की है। फिल्म के मेकर्स ने 'केसरी वीर' से जुड़ी कई सारी जानकारियां साझा की हैं, जिनका जिक्र तरण आदर्श की पोस्ट में भी है। 'केसरी वीर' फिल्म में सूरज पंचोली, सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय जैसे बॉलीवुड एक्टर्स नजर आने वाले हैं। ये तीनों ही एक्टर्स फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। ये भूमिकाएं कैसी होंगी, इसकी डिटेल अभी शेयर नहीं की गई हैं। फिल्म को प्रिंस थीमान निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर कानू चौहान हैं। फिल्म 'केसर वीर' का अभी मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है। लेकिन, 13 फरवरी 2025 को इसका टीजर रिलीज किया जाएगा।




## असल जिंदगी में दोस्ती निभाने वाले बहुत ही प्यारे इंसान रहे
# अपने समय में हीरो से ज्यादा फीस लिया करते थे अभिनेता प्राण



*नई दिल्ली। अभिनेता प्राण का नाम सुनते ही दर्शकों के मन में बड़े पर्दे के सबसे चर्चित विलेन के रोल उभरने लगते हैं। प्राण का एक लंबा एक्टिंग करियर रहा, उन्होंने लगभग 300 से अधिक फिल्में की हैं। बुधवार को उनकी जयंती (जन्म 12 फरवरी1920) थी। इस मौके पर जानिए, उनकी जिंदगी और कॅरियर से जुड़े कुछ अनसुने किस्से। विलेन ऑफ द मिलेनियम कहलाने वाले अभिनेता प्राण (असल नाम कृष्ण सिकंदर) का जन्म लाहौर (ब्रिटिश इंडिया) में हुआ था। बडे.पर्दे पर जरूर प्राण एक विलेन के रूप में मशहूर हुए। लेकिन, असल जिंदगी में वह दोस्ती निभाने वाले बहुत ही प्यारे इंसान रहे।*

### लेखक मंटो ने कैसे की प्राण के कॅरियर में मदद

फिल्म जिद्दी (1949) में प्राण के अभिनय को खूब सराहा गया, उन्हें बॉलीवुड में स्थापित करने वाली यही फिल्म थी। यह फिल्म उन्हें लेखक शहादत हसन मंटो की सहायता से मिली। इसके बाद प्राण ने 'आजाद', 'मधुमती', 'देवदास', 'राम और श्याम', 'आदमी', 'मुनीमजी', 'अमरदीप', 'जॉनी मेरा नाम', 'वारदात', 'देस-परदेस' जैसे कई हिट फिल्में कीं।

### जंजीर में दोस्ती के चलते किया काम

अमिताभ बच्चन के कॅरियर में 'जंजीर'एक अहम फिल्म रही है। यह फिल्म अमिताभ बच्चन को प्राण के कहने पर मिली थी। प्राण ने ही मेकर्स को अमिताभ बच्चन का नाम सुझाया था। वहीं, अमिताभ बच्चन से दोस्ती के कारण ही इस फिल्म में शेरखान का किरदार निभाया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और प्राण का निभाया शेरखान का किरदार भी काफी पॉपुलर हुआ।

### कैरेक्टर रोल चुनने की वजह रही खास

बड़े पर्दे पर विलेन के तौर पर प्राण इतने मशहूर हुए कि लोग उन्हें असल का बुरा आदमी समझने लगे। एक बार प्राण की बेटी ने कहा है कि वह भी हीरो जैसे रोल क्यों नहीं करते? इसके बाद प्राण ने नेगेटिव रोल करना लगभग छोड़ दिया। वह कैरेक्टर्स रोल करने लगे। फिल्म 'उपकार'में प्राण ने मंगल चाचा का किरदार निभाया था, जो खूब पसंद किया गया। इसके बाद फिल्मों में भी प्राण की छवि बदलने लगी, वह एक कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर स्थापित हो गए।



### सबसे ज्यादा फीस लेने वाले विलेन

*साल 1960-1982 के बीच प्राण बॉलीवुड के सबसे ज्यादा चर्चित विलेन बन गए। इस समय वह बॉलीवुड हीरो से ज्यादा फील लेते थे। ऐसा कहा जाता है कि प्राण और राजेश खन्ना को लेकर कोई प्रोड्यूसर फिल्म बनाने की नहीं सोचता था, क्योंकि दोनों को अफोर्ड करना मुमकिन ही नहीं हो पाता है। प्राण के निभाए विलेन के किरदार भी काफी मशहूर हुए। दरअसल, प्राण जब भी किसी विलेन का रोल निभाते थे तो उसकी खूब तैयारी करते थे। प्राण के बारे में मशहूर था कि वह जब भी कोई हटकर किरदार देखते हैं तो उसकी चाल, हाव-भाव याद करने की कोशिश करते। अपने मेकअप को लेकर भी फिल्मों में प्राण काफी सजग रहते थे।*

## खबर संक्षेप

### सोना 340 रुपए टूटा, चांदी में 600 रुपए की तेजी



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 340 रुपये घटकर 87,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### अशोक लेलैंड का शुद्ध लाभ 34.63 प्रतिशत बढ़ा

ASHOK LEYLAND

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली अशोक लेलैंड लि. का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 34.63 प्रतिशत बढ़कर 819.67 करोड़ रुपये हो गया। यह लाभ विशेष रूप से विदेशी बाजारों में मजबूत बिक्री के कारण हुआ है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 608.85 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था।

### स्टरलाइट पावर को मिले 2,250 करोड़ के नए ठेके




**नई दिल्ली।** स्टरलाइट पावर ने अपने वैश्विक उत्पाद एवं सेवा (जीपीएस) कारोबार में 2,250 करोड़ रुपये के नए ठेके मिलने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा, ये ठेके भारत के हरित ऊर्जा संचरण बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने और कंपनी की वैश्विक पहुंच का विस्तार करने पर केंद्रित हैं।

### एयरटेल ने हाई-स्पीड नेट के लिए नोकिया को दिया अनुबंध




**नई दिल्ली।** दूरसंचार संचालक भारती एयरटेल ने 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और वाई-फाई समाधान के विस्तार के लिए नोकिया और क्वालकॉम को अनुबंध दिया है। भारत में उपयोगकर्ताओं को 'हाई-स्पीड' इंटरनेट पहुंच प्रदान करना है। नोकिया के 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और वाई-फाई 6 एक्सेस प्वाइंट डिवाइस का उत्पादन भारत में किया जाएगा।

### सीमेंस का शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी सीमेंस का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत घटकर 372 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय कम होने के कारण लाभ कम हुआ है। सीमेंस के बयान के अनुसार कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 412 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

### पश्चिम बंगाल में 3.89 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 3.89 लाख करोड़ रुपये का बजट बुधवार को पेश किया। इसमें सामाजिक कल्याण, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार ने अपने बजट में बुनियादी ढांचे तथा कृषि विकास परियोजनाओं की घोषणा की, जिसमें ग्रामीण संपर्क, नदी कटाव नियंत्रण तथा कृषि सहायता पहलों के लिए विशेष धनराशि आवंटित की गई है।

# भारतीय शेयर बाजार के बिग बुल्स हुए कंगाल, 40 दिन में हुआ हजारों करोड़ का नुकसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने अब तक 2025 में भारतीय शेयर बाजार से लगभग 10 बिलियन डॉलर गायब कर दिए। इस गिरावट ने ना केवल खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान पहुंचाया, बल्कि बाजार के बड़े बुल्स को भी कंगाल किया है।

- नवंबर 2024 से जारी गिरावट का क्रम अभी भी जारी

भारतीय शेयर बाजार में नवंबर 2024 से गिरावट का जो दौर शुरू हुआ वो अभी भी जारी है। बुधवार को भी भारतीय शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ खुला। अंत में बीएसई सेंसेक्स में 122 अंकों की गिरावट और निफ्टी में 26अंकों की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांकों में 11 फीसदी और 14 फीसदी की बड़ी गिरावट आई है, जो 2016 के बाद से इस साल की सबसे बड़ी गिरावट है।

## विदेशी निवेशकों की बिकवाली से 2025 में अब तक 10 बिलियन डॉलर गायब

### इन लोगों का भी पैसा डूबा

शेयर बाजार के गिरावट से मुकुल अग्रवाल को 884 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके बाद आकाश भंसाली का नाम है। आकाश को शेयर मार्केट की गिरावट से 932 करोड़ का नुकसान हुआ है। नेमिष शाह की बात करें तो उन्हें 462 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके बाद मधुसूदन केला का नाम है। इन्हें मार्केट की गिरावट से 506 करोड़ का नुकसान हुआ। विजय केडिया और सुनील सिंघानिया की बात करें तो इन्हें 278 और 515 करोड़ के नुकसान का दंश झेलना पड़ा।



### निफ्टी 50 के सबसे बड़े लूजर्स

बीते 1 महीने के आंकड़े की बात करें तो निफ्टी 50 की जिन कंपनियों में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली है, उसमें ट्रेंट लिमिटेड सबसे ऊपर है। इस शेयर में बीते एक हफ्ते में 20.4 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। वहीं दूसरे नंबर पर है पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड। इस शेयर में 14.6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। तीसरे नंबर पर है एचसीएल टेक्नोलॉजी लिमिटेड, इसमें 14.1 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। इसके बाद नंबर आता है टाटा मोटर्स का इस शेयर में 12.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

### 2025 में किसके कितने पैसे डूबे

एक रिपोर्ट के अनुसार, जिन 10 सबसे बड़े शेयर बाजार के निवेशकों के पैसे मार्केट की इस गिरावट में कम हुए हैं, उसमें पहला नाम राधाकिशन दमानी का है, सिर्फ 2025 में अब तक उनको लगभग 4273 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके बाद दूसरे नंबर पर आशीष धवन हैं, उन्हें 318 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। तीसरे नंबर पर झुनझुनवाला परिवार है, इस परिवार को 6,051 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके बाद आशीष कचोलिया का नाम आता है, आशीष को 2025 में अबतक 324 करोड़ का नुकसान हुआ है।

### खनन व विनिर्माण क्षेत्रों का रहा खराब प्रदर्शन

# औद्योगिक उत्पादन दिसंबर में धीमा पड़ा, तीन महीने के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत पर आया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से दिसंबर, 2024 में देश का औद्योगिक उत्पादन 3.2 प्रतिशत की दर से ही बढ़ा जो तीन महीनों का निचला स्तर है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। दिसंबर, 2023 में औद्योगिक उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ा था।*

सरकार ने नवंबर, 2024 के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आंकड़े को भी संशोधित कर पांच प्रतिशत कर दिया है। पिछले महीने जारी अस्थायी अनुमान में इसे 5.2 प्रतिशत बताया गया था। सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत के समान स्तर पर रही जबकि अगस्त में स्थिर रही थी।

- दिसंबर 2023 में औद्योगिक उत्पादन 4 .4 प्रतिशत बढ़ा
- सरकार ने नवंबर 2024 के आईआईपी आंकड़े को किया संशोधित
- खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2 .6 प्रतिशत रह गई



### एनएसओ ने जारी किए आंकड़े

अक्टूबर, 2024 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि 3.7 प्रतिशत दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर, 2024 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन तीन प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.6 प्रतिशत बढ़ा था।

### खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटी

आलोच्य अवधि में खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई जबकि साल भर पहले की समान अवधि में यह 5.2 प्रतिशत थी। हालांकि समीक्षाधीन माह में बिजली उत्पादन बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गया जो दिसंबर, 2023 में सिर्फ 1.2 प्रतिशत था।

### पूंजीगत वस्तु खंड में वृद्धि दर्ज

इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों यानी अप्रैल-दिसंबर की अवधि में औद्योगिक उत्पादन में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो एक साल पहले की समान अवधि में दर्ज 6.2 प्रतिशत वृद्धि से कम है। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत वस्तु खंड की वृद्धि दिसंबर 2024 में बढ़कर 10.3 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 3.7 प्रतिशत वृद्धि हुई थी।

### गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन घटा

टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो दिसंबर 2023 में 5.2 प्रतिशत बढ़ा था। दिसंबर 2024 में उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन 7.6 प्रतिशत घट गया जबकि दिसंबर, 2023 में इसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### बुनियादी ढांचे में वृद्धि दर्ज की गई

आंकड़ों के मुताबिक, बुनियादी ढांचे/निर्माण वस्तुओं ने दिसंबर 2024 में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो एक साल पहले की अवधि में 5.5 प्रतिशत बढ़ी थी। प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन दिसंबर, 2024 में 3.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले के समान माह में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के खंड में वृद्धि दर समीक्षाधीन महीने में 5.9 प्रतिशत रही जो एक साल पहले 3.7 प्रतिशत थी।

# मोदी और पिचाई की 'भारत के डिजिटल कायाकल्प' पर चर्चा



- भारत और गूगल मिलकर एआई पर काम करेंगे

एजेंसी ▶▶ पेरिस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने पेरिस में आयोजित एआई एक्शन समिट के दौरान कृत्रिम मेधा (एआई) से भारत में पैदा होने वाले'अविश्वसनीय अवसरों' पर चर्चा की।

भारतीय मूल के पिचाई ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात में इस पर भी चर्चा की कि गूगल और भारत किस तरह से देश में 'डिजिटल कायाकल्प' लाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। पिचाई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,एआई एक्शन समिट के लिए पेरिस में रहने के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। सीईओ ने कहा, हमने एआई द्वारा भारत में लाए जाने वाले अविश्वसनीय अवसरों और भारत के डिजिटल कायाकल्प पर हम किस तरह मिलकर काम कर सकते हैं, इस पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने पिचाई की इस टिप्पणी का जवाब देते हुए एक पोस्ट में कहा, ''भारत एआई में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

### इससे पहले मुलाकात सितंबर 2024 में

मोदी और पिचाई के बीच इससे पहले मुलाकात सितंबर, 2024 में न्यूयॉर्क में हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ 'एआई एक्शन समिट' की मंगलवार को सह-अध्यक्षता की थी।

# इक्विटी म्यूचुइल फंड में 39,688 करोड़ का निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड में जनवरी में 39,688 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। बाजार में जारी अस्थिरता के बावजूद मुख्य रूप से लघु और मझोली कंपनियों के शेयरें से जुड़ी योजनाओं में पूंजी प्रवाह के कारण कुल निवेश बढ़ा है।

यह दिसंबर, 2024 में दर्ज 41,156 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश से 3.5 प्रतिशत कम है। इसके साथ निवेशकों ने इस क्षेत्र में लगातार 47वें महीने शुद्ध रूप से निवेश जारी रखा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी योजनाओं में, बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्रवार श्रेणी में निवेशकों ने सबसे अधिक 9,016 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। इस खंड में दिसंबर में हुए 15,331 करोड़ रुपये के निवेश से यह काफी कम है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में मिडकैप श्रेणी में 5,148




- बाजार में जारी अस्थिरता के बावजूद हुआ निवेश
- लघु और मझौली कंपनियों के शेयरों में पूंजी प्रवाह बढ़ा

करोड़ रुपये जबकि स्मॉलकैप श्रेणी में 5,721 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर-प्रबंधक अनुसंधान हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि म्यूचुअल फंड की स्मॉल और मिड कैप योजनाएं निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं और इन खंडों के प्रति उनकी प्राथमिकता दर्शाती है, जो मुख्य रूप से पिछले कुछ वर्षों में इनसे प्राप्त उच्च रिटर्न के कारण है।

### एयूएम 67.25 लाख करोड़ हुई

जनवरी के अंत तक म्यूचुअल फंड के प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति (एयूएम) 67.25 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो दिसंबर, 2024 के अंत में 66.93 लाख करोड़ रुपये से अधिक थी।

## हुंडई इंडिया एमएससीआई सूचकांक में होगी शामिल





**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड को एमएससीआई इंडिया सूचकांक में शामिल किया जाएगा जबकि अदाणी ग्रीन एनर्जी इससे बाहर होगी। सूचकांक संकलक एमएससीआई की घोषणा के अनुसार, एमएससीआई वैश्विक मानक सूचकांक के घटकों में परिवर्तन 28 फरवरी 2025 से प्रभावी होंगे। एमएससीआई वैश्विक निवेश समुदाय के लिए महत्वपूर्ण निर्णय समर्थन उपकरण व सेवाओं का अग्रणी प्रदाता है। एमएससीआई ग्लोबल स्मॉल कैप सूचकांक में 19 कंपनियों को जोड़ा जाएगा, जबकि 19 कंपनियां 28 फरवरी से बाहर हो जाएंगी।

# बाजार में रहा उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स 122 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी और व्यापार युद्ध गहराने की आशंकाओं से परेशान घरेलू शेयर बाजार भारी उतार-चढ़ाव के बीच बुधवार को लगातार छठे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 122 अंक और निफ्टी 26 अंक के नुकसान पर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स आखिरी घंटे में खरीदारी आने से अपनी भारी गिरावट से उबरने में सफल रहा और 122.52 अंक गिरावट के साथ 76,171.08 पर बंद हुआ।



- आखिरी घंटे में खरीदारी आने से बाजार में आई रिकवरी

हालांकि सेंसेक्स कारोबार के दौरान अधिकांश समय भारी दबाव में रहा और एक समय 905.21 अंक गिरकर 76,000 के स्तर से नीचे 75,388.39 पर आ गया था। निफ्टी 26.55 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 23,045.25 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 273.45 अंक गिरकर 22,798.35 पर आ गया था। चार फरवरी से अब तक सेंसेक्स 2,412.73 अंक यानी 3.07 प्रतिशत गिर चुका है जबकि निफ्टी को 694 अंक यानी 2.92 प्रतिशत का नुकसान हुआ है।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन और इन्फोसिस के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट रही।

## टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स कर्नाटक में करेगी विस्तार...



**बेंगलुरु।** टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) की कर्नाटक में अपने परिचालन का विस्तार करने की योजना है। टीएएसएल भारतीय वायु सेना के लॉकहीड मार्टिन के सी-130जे बेड़े को सहायता प्रदान करने के लिए एक अत्याधुनिक रखरखाव, मरम्मत व संरक्षण (एमआरओ) सुविधा स्थापित करेगी।

इससे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता मजबूत होगी और वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति श्रृंखला में कर्नाटक की भूमिका को बल मिलेगा। कर्नाटक के मजबूत बुनियादी ढांचे, कुशल कार्यबल तथा उद्योग-अनुकूल नीतियों के समर्थन से ऐसे निवेशों से एयरोस्पेस क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विकास, रोजगार सृजन और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। मजबूत सरकारी समर्थन के साथ, कर्नाटक वैश्विक एयरोस्पेस तथा रक्षा कंपनियों के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य बना हुआ है।

# अदाणी समूह देश का सबसे बड़ा कौशल और रोजगार कार्यक्रम करेगा विकसित



**अहमदाबाद।** अदाणी समूह ने भारत के कौशल और रोजगार क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी के 'सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है' के सिद्धांत पर आधारित, अदाणी समूह ने सिंगापुर की आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) के साथ साझेदारी की है।

इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में हरित ऊर्जा, विनिर्माण, हाई-टेक, प्रोजेक्ट उत्कृष्टता और औद्योगिक डिजाइन सहित विभिन्न क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक कुशल कार्यबल तैयार किया है। इस पहल के तहत, अदाणी परिवार 2,000 करोड़ रुपए से अधिक का दान करेगा, ताकि भारत में अंतरराष्ट्रीय मानक वाले स्कूलों की स्थापना की जा सके। इन स्कूलों का नाम अदाणी ग्लोबल स्किल्स एकेडमी होगा, जो तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा में प्रशिक्षित छात्रों को उद्योग के अनुरूप तैयार करेगा। अदाणी स्किल्स एंड एजुकेशन के सीईओ रॉबिन भौमिक ने कहा कि अदाणी ग्लोबल स्किल्स अकादमी दुनिया की सबसे बड़ी अकादमी होगी, जो छात्रों और संकाय के लिए आवासीय सुविधा, मिश्रित वास्तविकता आधारित शिक्षा, नवप्रवर्तन केंद्रों और एआई-आधारित सिमुलेटर प्रदान करेगी। इस साझेदारी का उद्देश्य तकनीकी रूप से योग्य और उद्योग के लिए तैयार प्रतिभाओं का सतत विकास करना है।

### आयात सालाना आधार पर 65 फीसदी घटकर 2,75,241 टन रहा

# पाम ऑयल का आयात 13 साल के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खाद्य तेल निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएश ने बुधवार को कहा कि जनवरी में भारत का पाम ऑयल आयात सालाना आधार पर 65 प्रतिशत घटकर 2,75,241 टन रह गया, जो 13 साल का सबसे निचला स्तर है।

- इसकी वजह से खरीदार सस्ते सोयाबीन तेल की ओर रुख कर रहे

इसकी वजह यह है कि खरीदार सस्ते सोयाबीन तेल की ओर रुख कर रहे हैं। तेल का आयात एक साल पहले की समान अवधि के 12 लाख टन से 13 प्रतिशत घटकर 10.49 लाख टन रह गया। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एक बयान में कहा, /"भारत में पाम ऑयल की बाजार हिस्सेदारी घट रही है और इसकी बिक्री में कमी आ रही है। इसका हिस्सा सोया ऑयल ने ले लिया है।/"

### इंडोनेशिया व मलेशिया प्रमुख आपूर्तिकर्ता

इंडोनेशिया और मलेशिया भारत के प्रमुख पाम तेल आपूर्तिकर्ता हैं, जबकि अर्जेंटीना, ब्राजील और रूस सोयाबीन तेल की आपूर्ति करते हैं। रूस और यूक्रेन सूरजमुखी तेल के मुख्य आपूर्तिकर्ता हैं।

***नेपाल की आवक से बाजार को नुकसान*** *: एसईए ने कहा कि नेपाल से कम कीमतों पर रिफाइंड सोयाबीन तेल और पाम ऑयल की भारी आवक होने से स्थानीय बाजार को नुकसान हो रहा है। नेपाल ने बीते साल अक्टूबर के मध्य से मध्य जनवरी, 2025 तक भारत को 1,10,000 टन खाद्य तेल का निर्यात किया है।*



### कच्चे पाम ऑयल का आयात भी घटा

पाम ऑयल उत्पादों में आरबीडी (रिफाइंड ब्लीच्ड डियोडोराइज्ड) पामोलिन का आयात एक साल पहले के 2,44,678 टन से घटकर 30,465 टन रह गया। वहीं कच्चे पाम ऑयल का आयात 5,32,877 टन से घटकर 2,40,276 टन रह गया।

***सोयाबीन तेल का आयात दोगुने से अधिक***

*मलेशिया से पाम ऑयल के आयात में गिरावट आई है क्योंकि निर्यात आपूर्ति में कमी के कारण उपभोक्ता कम कीमत वाले दक्षिण अमेरिकी सोयाबीन तेल का रुख कर रहे हैं। सोयाबीन तेल का आयात दोगुने से अधिक होकर 4,44,026 टन हो गया, जो एक साल पहले 1,88,859 टन था, जबकि सूरजमुखी तेल का आयात 31 प्रतिशत बढ़कर 2,88,284 टन हो गया।*

***कीमतों में 80 से 100 डॉलर प्रति टन की गिरावट***

*एसईए ने कहा कि पिछले महीने पाम ऑयल की कीमतों में 80-100 डॉलर प्रति टन की गिरावट आई है, लेकिन सोयाबीन तेल अब भी अधिक आकर्षक बना हुआ है। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत के पास एक फरवरी तक 21.76 लाख टन खाद्य तेल का भंडार था।*

### स्टेनलेस स्टील सीमलेस पाइप के लिए अनिवार्य गुणवत्ता आदेश लागू

**नई दिल्ली।** सरकार ने घटिया सामान के आयात पर अंकुश लगाने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेनलेस स्टील सीमलेस पाइप और ट्यूब के लिए अनिवार्य गुणवत्ता आदेश लागू किए हैं। 'स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2025' जारी की है।

# चैंपियंस ट्रॉफी: आस्ट्रेलिया को एक और झटका, स्टार्क भी बाहर, स्मिथ करेंगे कप्तानी


### कमिंस, हेजलवुड और मार्श पहले से बाहर, स्टोइनिस का संन्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**सिडनी।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना उतरेगी जिन्होंने निजी कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। वनडे विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया को 15 सदस्यीय टीम में कई बदलाव करने पड़े चूंकि कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और हरफनमौला मिचेल मार्श चोटिल हैं जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक संन्यास ले लिया। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, 'हम मिच के फैसले का सम्मान करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को लेकर उसकी प्रतिबद्धता को लेकर उसका काफी सम्मान है।'

### स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ

गॉल में पिछले सप्ताह टेस्ट मैच के आखिरी चरण में स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ थी। वह श्रीलंका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला भी नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा है कि स्टार्क ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है और वह इस फैसले पर बयान नहीं देंगे। यह घटना आस्ट्रेलिया के लिए करारे झटके की तरह है चूंकि विश्व कप 2023 में उसकी खिताबी जीत में कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क की अहम भूमिका थी। कमिंस और मार्श की गैर मौजूदगी में स्मिथ टीम के कप्तान होंगे। तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस , सीन एबोट और बेन ड्वारशुइस को टीम में शामिल किया गया है।





### कुहनेमन का होगा बायोमीट्रिक टेस्ट

**सिडनी।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंपायरों द्वारा गेंदबाजी एक्शन की शिकायत किए जाने के बाद आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमन की बायोमीट्रिक जांच होगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा, 'श्रीलंका के खिलाफ गॉल में दूसरे टेस्ट के दौरान मैच अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत की जानकारी आस्ट्रेलियाई टीम को दी गई है। हम पूरे मामले में मैट का सहयोग करेंगे।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बताया कि कुहनेमन 2017 में पदार्पण के बाद से 124 पेशेवर मैच खेल चुके हैं लेकिन उनके गेंदबाजी एक्शन की कभी शिकायत नहीं हुई। श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों में उन्होंने 16 विकेट लिए। उनकी बायोमीट्रिक जांच ब्रिसबेन में होगी।



### अफगान स्पिनर गजांफर बाहर

काबुल। अफगानिस्तान के युवा आफ स्पिनर एएम गजांफर कमर के निचले हिस्से में फ्रेक्चर के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल दोनों से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह घोषणा की। बाएं हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खरोटे को 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है। बीस वर्ष के खरोटे बाएं हाथ के स्पिनर हैं और पिछले साल पदार्पण के बाद से सात वनडे और छह टी20 मैच खेल चुके हैं। गजांफर को पिछले साल अफगानिस्तान के जिम्बाब्वे दौरे पर चोट लगी थी और वह कम से कम चार महीने बाहर रहेंगे।

### अफगानिस्तान टीम

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जदरान, इकराम अलीखिल, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदिन नायब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, फरीह अहमद, फजलहक फारूकी, नांगेयालिया खरोटे, नावीद जदरान, नूर अहमद।

## खबर संक्षेप



### धवन बने चैंपियंस ट्रॉफी के प्रतियोगिता दूत

**दुबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुधवार को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने धवन के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया है उनमें पाकिस्तान के 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के कप्तान सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी शामिल हैं।

### केंद्र और एआईएफएफ से कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा



जिसमें आरोप लगाया गया है कि महासंघ के महासचिव के रूप में अनिलकुमार प्रभाकरण की नियुक्ति राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने रंजीत बजाज की याचिका पर केंद्रीय खेल मंत्रालय, एआईएफएफ और साथ-साथ प्रभाकरण को नोटिस जारी करके दो सप्ताह के अंदर जवाब देने के लिए कहा।

### अंग दान को बढ़ावा देने बांह में हरी पट्टी बांध खेले खिलाड़ी

**अहमदाबाद।** भारत और इंग्लैंड की क्रिकेट टीमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड की 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' पहल का समर्थन करने के लिए बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम



एकदिवसीय मैच में बांह पर हरे रंग की पट्टी बांधकर मैदान पर उतरीं। बीसीसीआई ने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच शुरू होने के बाद एक बयान में यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने कहा, 'दोनों टीम बीसीसीआई की पहल 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' का समर्थन करने के लिए बांह पर हरे रंग की पट्टी पहनकर खेल रही हैं। इस पहल की अगुवाई आईसीसी के चेयरमैन जय शाह कर रहे हैं।'

### टेटे खिलाड़ी मनिका के पिता नहीं रहे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता गिरीश बत्रा का यहां दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मनिका के पिता का मंगलवार



को निधन हुआ और उसी दिन इंदरपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी प्रार्थना सभा गुरुवार को रखी गई है। मनिका भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ियों में से हैं। उन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

## अक्षर, राणा, अर्शदीप और पंड्या ने झटके दो-दो विकेट

# भारत ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप, इंग्लैंड को 142 रन से रौंदा, गिल का 7वां शतक





### शुभमन के सबसे तेज 2500 रन

भारत के स्टार ओपनर शुभमन गिल ने वनडे इंटरनेशनल में सबसे तेज 2500 रन बनाने की उपलब्धि हासिल कर ली। भारत के लिए अपना 50वां वनडे मैच (50वीं पारी) खेलते हुए शुभमन गिल ने इस जादुई आंकड़े को छुआ। गिल ने साउथ अफ्रीकी दिग्गज हाशिम अमला के रिकॉर्ड को तोड़ा, जिन्होंने अपनी 51वीं वनडे पारी में 2500 रनों का आंकड़ा पार किया था।

### गिल का 95 गेंदों में शतक

गिल ने 95 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. इस दौरान गिल ने 2 छक्के और 14 चौके जमाए। गिल का वनडे इंटरनेशनल में यह अपना 7वां शतक है। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 5 शतक जमाए हैं। जबकि टी20 इंटरनेशनल में भी गिल ने एक शतक लगाया है। इस तरह यह स्टार ओपनर तीनों फॉर्मेट में शतक जमा चुका है। गिल इस तीसरे मैच में 102 गेंदों पर 112 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी इस पारी में कुल 3 छक्के और 14 चौके जमाए। उनका स्ट्राइक रेट भी 109.80 का रहा।

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भारत ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में बुधवार को यहां इंग्लैंड को 142 रन से रौंदकर 3-0 से सूपड़ा साफ किया। भारती टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपनी तैयारियों का पुख्ता नजारा पेश किया।

सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने करियर का सातवां शतक जड़ा। भारत के 357 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 34.2 ओवर में 214 रन पर ढेर हो गई। अक्षर पटेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या ने दो-दो विकेट लेकर धारदार गेंदबाजी की। इंग्लैंड की ओर से आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे गस एटकिंसन और टॉम बैनटन दोनों ने 38-38 रन बनाए। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (34) ही 30 रन के आंकड़े को पार कर पाए। भारत ने इससे पहले गिल की 104 गेंद में तीन छक्कों और 14 चौकों से 112 रन की पारी के अलावा विराट कोहली (52) के साथ दूसरे विकेट की उनकी 116 और श्रेयस अय्यर (78) के साथ तीसरे विकेट की 104 रन की साझेदारी से 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 356 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से लेग स्पिनर आदिल राशिद सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 64 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि तेज गेंदबाज मार्क वुड ने 45 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का सॉल्ट बो वुड | 01 | 02 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल बो राशिद | 112 | 102 | 14 | 3 |
| कोहली का सॉल्ट बो राशिद | 52 | 55 | 7 | 1 |
| अय्यर का सॉल्ट बो राशिद | 78 | 64 | 8 | 2 |
| राहुल पगबधा बो महमूद | 40 | 29 | 3 | 1 |
| हार्दिक पंड्या बो राशिद | 17 | 09 | 0 | 2 |
| अक्षर का बैनटन बो रूट | 13 | 12 | 2 | 0 |
| वाशिंगटन का ब्रूक बो वुड | 14 | 14 | 1 | 0 |
| राणा का बटलर बो एटकिंसन | 13 | 10 | 1 | 1 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 02 | 02 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 50 ओवर में 356/10
गेंदबाजी : महमूद 10-0-68-1, वुड 9-1-45-2, एटकिंसन 8-0-74-1, रूट 5-0-47-1, राशिद 10-0-64-4, लिविंगस्टोन 8-0-57-0.

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का अक्षर बो अर्शदीप | 23 | 21 | 4 | 0 |
| डकेट का रोहित बो अर्शदीप | 34 | 22 | 8 | 0 |
| बैनटन का राहुल बो कुलदीप | 38 | 41 | 4 | 2 |
| जो रूट बो अक्षर | 24 | 29 | 2 | 0 |
| हैरी ब्रूक बो हर्षित | 19 | 26 | 1 | 1 |
| जोस बटलर बो हर्षित | 06 | 09 | 0 | 0 |
| लियाम स्टं राहुल बो वाशिंगटन | 09 | 23 | 1 | 0 |
| गस एटकिंसन बो अक्षर | 38 | 19 | 6 | 1 |
| आदिल राशिद बो पंड्या | 00 | 05 | 0 | 0 |
| वुड का अय्यर बो पंड्या | 09 | 07 | 2 | 0 |
| साकिब महमूद नाबाद | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 34.2 ओवर में 214/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 5-0-33-2, राणा 5-1-31-2, वाशिंगटन 5-0-43-1, अक्षर 6.2-1-22-2, पंड्या 5-0-38-2, कुलदीप 8-0-38-1.

## 38वां राष्ट्रीय खेल

# भाला फेंक में सचिन और ऊंची कूद में पूजा ने बनाया रिकॉर्ड





एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव, हरियाणा की 18 साल की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा सिंह और हिमाचल प्रदेश के लंबी दूरी के धावक सावन बरवाल ने बुधवार को यहां एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन राष्ट्रीय खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते।

25 साल के यादव ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में भाले को 84.39 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता। यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। हरियाणा के फतेहाबाद जिले के एक राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने 1.84 मीटर के प्रयास से 2023 सत्र में जीते महिलाओं की ऊंची कूद के स्वर्ण पदक को बरकरार रखा। उन्होंने 2022 में पश्चिम बंगाल की स्वप्ना बर्मन के 1.83 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। पूजा का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1.85 मीटर है जो राष्ट्रीय अंडर-20 रिकॉर्ड भी है। बरवाल ने 13 मिनट 45.93 सेकंड के साथ पुरुष 5000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेना के जी लक्ष्मणन के 2015 में बनाए 13 मिनट 50.05 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के पिछड़ने रिकॉर्ड को बेहतर किया। यह बेरवाल का मौजूदा खेलों में दूसरा स्वर्ण और दूसरा राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड है।

### रामराज ने बाधा दौड़ में जीता सोना

महिला 400 मीटर बाधा दौड़ में तमिलनाडु की विथ्या रामराज ने 58.11 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय खेलों का लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2022 और 2023 में भी स्वर्ण पदक जीते थे। पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ का स्वर्ण गुजरात के रुचित मोरी ने 50.97 सेकंड के समय से जीता जबकि महिला गोला फेंक में पंजाब की जैस्मिन कौर ने 15.97 मीटर के प्रयास से शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला 5000 मीटर की चैंपियन उत्तराखंड की अंकिता ध्यानी (15 मिनट 56.03 सेकेंड) बनीं जबकि चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में केरल ने तीन मिनट 25.35 सेकेंड के साथ बाजी मारी।

## वनडे

# असलांका की कप्तानी पारी से श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को रौंदा



एजेंसी ▶▶ कोलंबो

कप्तान चरित असलांका ने विषम परिस्थितियों में 127 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जिससे श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को बुधवार को यहां दो मैच की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में 49 रन से हराया।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया जिसने असलांका की शानदार पारी के बावजूद 46 ओवर में 214 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह स्कोर भी पहाड़ जैसा साबित हुआ और उसकी पूरी टीम 33.5 ओवर में 165 रन पर आउट हो गई। मैच का आकर्षण असलांका का शतक रहा जो वनडे में उनका चौथा सैकड़ा है। उन्होंने अपनी पारी में 126 गेंद का सामना करते 14 चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने ऐसे समय में यह पारी खेली जबकि श्रीलंका की आधी टीम 55 रन पर पेवेलियन लौट गई थी। असलांका ने इसके बाद डुनिथ वेललेज (30) के साथ छठे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। यह साझेदारी टूटने के बाद श्रीलंका का स्कोर जल्द ही आठ विकेट पर 135 रन हो गया। दसवें नंबर के बल्लेबाज ईशान मलिंगा ने यहां से अपने कप्तान का अच्छा साथ दिया। इन दोनों ने नौवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की जिसमें मलिंगा का योगदान केवल एक रन था।

### केरल रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा

पुणे। केरल ने धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश करते हुए बुधवार को यहां जम्मू कश्मीर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच ड्रॉ कराया और पहली पारी में एक रन की मामूली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। केरल के सामने 399 रन का मुश्किल लक्ष्य था लेकिन उसके बल्लेबाजों ने पूरे धैर्य के साथ बल्लेबाजी करके जम्मू कश्मीर को पांचवें और आखिरी दिन जीत हासिल नहीं करने दी। केरल ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 295 रन बनाए। जम्मू कश्मीर ने अपनी पहली पारी में 280 रन बनाए थे जिसके जवाब में केरल ने 281 रन बनाकर एक रन की बढ़त हासिल की जो आखिर में निर्णायक साबित हुई।

## नकद पुरस्कार कार्यक्रम में शामिल करने का स्वागत

**नई दिल्ली।** ई स्पोर्ट्स पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार कार्यक्रम में शामिल करने के खेल मंत्रालय के फैसले का स्वागत करते हुए ईएसएफआई ने बुधवार को कहा कि इससे जमीनी स्तर पर खेल में भागीदारी बढ़ेगी।



मंत्रालय ने 51 खेलों की सूची जारी की है जिसके खिलाड़ी नकद पुरस्कारों के पात्र होंगे। इनमें ओलंपिक खेल, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में शामिल सारे खेल हैं। इसमें मलखंब, ई स्पोर्ट्स और खोखो को भी रखा गया है। भारतीय ई स्पोर्ट्स महासंघ के निदेशक और एशियाई ई स्पोर्ट्स महासंघ के उपाध्यक्ष लोकेश सूजी ने कहा, 'यह भारतीय ई स्पोर्ट्स के लिए ऐतिहासिक पल है। ई स्पोर्ट्स पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार के रूप में सरकार से मान्यता मिलना इन खेलों के लिए बड़ा कदम है।'

# भारत ने मकाऊ को 5-0 से हराया आज कोरिया से होगा मुकाबला

एजेंसी ▶▶ क्विंगदाओ



भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में ग्रुप डी के शुरुआती मुकाबले में बुधवार को मकाऊ को 5-0 से हरा दिया। पिछले सत्र में दुबई में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम अब क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। दूसरे और आखिरी ग्रुप मैच में गुरुवार को उसका सामना कोरिया से होगा।

मिश्रित युगल टीम सतीश कुमार करुणाकरण और राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता आद्या वरियाथ ने लोक चोंग लियोंग और वेंग चि एंग के खिलाफ पहला मैच 21-10, 21-9 से जीता। पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पांग फोंग पुइ को 21-16, 21-12 से हराया। मालविका बंसोड़ ने महिला एकल में हाओ वाइ वान के खिलाफ 21-15, 21-9 से जीत दर्ज की। चिराग शेट्टी और एम आर अर्जुन ने पुरुष युगल मुकाबले में चिन पोन पुइ और कोक वेन वॉग को 21-15, 21-19 से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने एंग वेंग चि और पुइ चि वा को 21-10, 21-5 से मात दी।

# जोखिम की रणनीति क्या आएगा भारत के काम?

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कोच गौतम गंभीर का फलसफा रहा है कि जितना अधिक जोखिम, उतना ही अच्छा फल लेकिन चोट के कारण करिश्माई तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद क्या यह रणनीति भारत के लिए कारगर साबित होगी ? इस सवाल का जवाब सीधा नहीं है चूंकि अंतिम 15 को चुनते समय काफी जोखिम लिया गया।

दुबई जाने वाली टीम में पांच स्पिनर रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती होंगे। बुमराह की जगह हर्षित राणा ने ली है जबकि अधिक



अनुभवी मोहम्मद सिराज को युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और हरफनमौला शिवम दुबे के साथ रिजर्व में रखा गया है जो टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे।




## ऑनलाइन बिक रही है नागमणि! खरीदने के लिए मची होड़, कीमत जान उड़ जाएंगे होश

नई दिल्ली। ऑनलाइन ऐसी कई साइट्स हैं जिसपर नागमणि बेची जा रही है। कहीं, कोबरा नागमणि के नाम से तो कहीं चमत्कारिक पत्थर के नाम से इनकी सेल की जा रही है। एक छोटे से पत्थर को नागमणि बताकर लोगों से पचास हजार से एक लाख का वसूले जा रहे हैं। इन पत्थरों के इस्तेमाल से कई तरह के चमत्कार होने का दावा किया जा रहा है। कई लोग इन दावों के जाल में फंसकर इन्हें ऑर्डर भी करते नजर आ रहे हैं, लेकिन नागमणि जैसी कोई चीज असल में होती ही नहीं है।

## तबाही बनकर पृथ्वी की तरफ आते एस्टेरॉयड 2024 वाईआर4 से बचाएगा चीन?

*एजेंसी:बीजिंग। एस्टेरॉयड 2024 वाईआर4 ने हालिया दिनों में दुनियाभर के एक्सपर्ट की चिंता को बढ़ा दिया है। इस एस्टेरॉयड (क्षुद्रग्रह) के साल 2032 में पृथ्वी और चांद से टकराने की संभावना है। इसमें सबसे ज्यादा फिक्र की बात ये है कि वैज्ञानिकों ने पहले इसके पृथ्वी से टकराने की संभावना 1.3 फीसदी कही थी, लेकिन अब एक्सपर्ट एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टक्कर की संभावना 2.3 फीसदी मान रहे हैं। इसे देखते हुए चीन ने क्षुद्रग्रहों से पृथ्वी की रक्षा के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। चीन ने विशेषज्ञों की एक टीम बनाई गई है, जो अंतरिक्ष से आने वाले खतरों से निपटने के लिए काम करेगी और पृथ्वी को सुरक्षित करने के रास्ते तलाशेगी।*



### एस्टेरॉयड से कितना खतरा

पृथ्वी और चांद के लिए खतरे का सबब बन रहे इस क्षुद्रग्रह का नाम 2024 वाईआर4 है। इसका साइज 40 से 90 मीटर के बीच है। एक्सपर्ट का कहना है कि यह एस्टेरॉयड अगर पृथ्वी से टकराता है और किसी आबादी वाले इलाके में गिरता है तो इससे गंभीर नुकसान होगा। हालांकि, संभावना है कि वाईआर 4 समुद्र या धरती के किसी दूरस्थ भाग में गिरेगा। इस समय यह पृथ्वी से बहुत दूर है।

### चीन का एस्टेरॉयड नेटवर्क

चीन इंटरनेशनल एस्टेरॉयड वॉर्निंग नेटवर्क और अंतरिक्ष मिशन योजना सलाहकार समूह में शामिल होकर दुनियाभर में क्षुद्रग्रहों से बचाव के प्रयासों में भी शामिल है। इस सहयोग से डेटा साझा किया जा सकेगा और क्षुद्रग्रहों की दिशा बदलने वाले मिशनों की संयुक्त योजना बनाई जा सकेगी। चीन के अलावा अमेरिकी एजेंसी नासा भी इस पर काम कर रही है।

**दिल को बहुत मिलेगा सुकून!**

## वैलेंटाइन डे के दिन मुफ्त में बर्गर खिलाएगा ये रेस्टोरेंट, करना होगा ऐसा काम

दुबई। वैलेंटाइन डे नजदीक है और इस मौके पर प्रेमी जोड़े अपने पार्टनर को प्यार का प्रदर्शन अलग-अलग तरह से करते हैं। कोई पार्टनर को कहीं घुमाने ले जाता है तो कोई उन्हें महंगे गिफ्ट देता है। कुछ लोग वैलेंटाइन्स डे के दिन अपने क्रश को प्रपोज करते हैं, वहीं कुछ लोग अपने पुराने प्यार को याद कर के आंसू बहाते हैं। ऐसे लोगों के लिए दुबई के एक रेस्टोरेंट ने गजब का ऑफर दिया है। इस रेस्टोरेंट में लोगों को मुफ्त का बर्गर वैलेंटाइन डे के दिन मिलेगा, बस उन्हें एक काम करना पड़ेगा.और यकीन मानिए, ये काम कर के उनके दिल को बहुत सुकून मिलेगा! दुबई के स्लॉ रेस्टोरेंट से जुड़ा हाल ही में पोस्ट किया गया है।

### रेस्टोरेंट देगा मुफ्त का बर्गर

दरअसल, ये फ्री बर्गर उन लोगों को मिलेगा, जो अपने एक्स पार्टनर, बॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड, की फोटो को रेस्टोरेंट में आकर उसे श्रेड करेंगे, यानी छोटे-छोटे टुकड़ों में काटेंगे। बहुत से लोग टॉक्सिक रिलेशनशिप में होते हैं। वो अपने पार्टनर से इतने परेशान हो जाते हैं कि उन्हें छोड़ना पड़ता है। पर उसके बावजूद वो उन्हें भुला नहीं पाते।

गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपड़ FUT एवं FUE तकनीक द्वारा गंजेपन का ईलाज
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल
NABH
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब मात्र ₹ 100/- के पंजीयन - शुल्क पर साल भर ओ.पी.डी
आयुष्मान कार्ड से ऑपरेशन** एवं ICU में भर्ती
सारी जांच प्रचिलित दरो से आधी कीमत (50%) पर
नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन*
गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क डिलीवरी* (नॉर्मल एवं सिजेरियन)
मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842
7389116903, 9926191294, 0771- 4241000/01/02

ऊर्जा एवं क्षमता का एहसास
जापानी® तेल
पुरूषों के लिए खास लोकप्रिय व असरकारक
ज्यादा अच्छे परिणाम हेतु जापानी तेल के साथ में जापानी-M कैप्सूल का भी नियमित इस्तेमाल करें।
सभी मेडीकल व आयुर्वेदिक स्टोर पर उपलब्ध

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
पेट एवं लीवर रोग विभाग
- दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
- गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
- लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लास्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
- पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
- पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. भाविक शाह
Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
डॉ. शारदा परिहार
एम एस (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
उपलब्ध सुविधाएं
- हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक इलाज)
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
- बांझपन का इलाज
- मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का इलाज एवं सलाह
- गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गॉंठ, सूजन
- संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का इलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का इलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा इलाज
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.)
मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.)
मो. 8370008558
#Rajesh

बैद्यनाथ असली आयुर्वेद
रुमा ऑईल
असहनीय दर्द में उपयोगी।
घुटनों का दर्द, कमर दर्द,
पीठ दर्द, मांसपेशियों का अकड़ना, मोच
जैसी तकलीफों को जड़ से दूर करनें में उपयोगी।
चिपचिपाहट व दाग रहित

आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!

**श्रीमती राधा पटनाईक, रायपुर**
**प्र.** मेरी बेटी की परिक्षा नजदिक आ रही है। पढ़ाई मे एकाग्रता नही होती व पढ़ी हुई बातें उसे याद नही रहती। कृपया उपाय बतायें।
**उ. बैद्यनाथ शंखपुष्पी सिरप** 2 चम्मच दिन मे दो बार देवें तथा **बैद्यनाथ ब्रेन टॅब.** 1–1 टॅबलेट दिन मे दो बार पानी के साथ भोजनबाद देवें।

**श्री सचिन गांधी, दूर्ग**
**प्र.** मुझे 3 वर्ष से मधुमेह (डायबिटीज) की तकलिफ है। दिनभर के काम से रात में अत्याधिक थकान महसुस करत हूँ। कुपया उपाय बतायें।
**उ.** आप **बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगरफ्री)** 1 चम्मच सुबह लेवें। **बैद्यनाथ मधुमेहारी ग्रेन्यूल्स** 2–2 चम्मच भोजन के 15 मिनीट पहले पानी के साथ सुबह–शाम लेवें। **बैद्यनाथ बसंतकुसूमाकर रस** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम पानी के साथ लेवें।

**श्री यशवंत गोयल, राजनांदगांव**
**प्र.** मुझे कुछ समय से कमजोरी बहुत लगती है। थकान हो जाती है। काम में मन नहीं लगता चिड़चिड़ापन है कुछ उपाय बताएं।
**उ.** आप **बैद्यनाथ वीटा एक्स गोल्ड प्लस कॅप्सूल** 1–1 कॅप्सूल सुबह – शाम सेवन करें। साथ ही **बैद्यनाथ अश्वगंधारिष्ट** 4–4 चम्मच दवा बराबर पानी मिलाकर भोजनबाद लें। हल्का व्यायाम करें, गरिष्ठ व तली हुई चीजें न खाएं।

**श्री संदिप शाहू, धमतरी**
**प्र.** मुझे 4 वर्ष से बवासीर की तकलिफ है। शौचद्वारा रक्त गिरता है, शौच के जगह मस्से आए है, उसमें दर्द एवं शौच के जगह दाह होता है।
**उ. बैद्यनाथ सिद्धपाईल्स** 2–2 टॅबलेट दिन में दो बार पानी के साथ लेवें। **बैद्यनाथ अभयामृत** 2–2 चम्मच समभाग पानी के साथ दिन में दो बार भोजनबाद लेवें।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.)
प्रधान वैद्य

बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतू सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 844 844 4935 | www.baidyanath.co




72198 21111
BAJAJ SECURE
*नियम और शर्तें लागू. *N160 वैरिएंट्स के लिए एक्स–शोरूम क़ीमत छत्तीसगढ़. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. अपने सेगमेंट के अंदर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एमसी विशेष मॉडल्स पर और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raipur:** Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955•Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235 • **Baloda Bazar** ARUN BAJAJ 90009399506 • **Bhatapara** ARUN BAJAJ 7828353259 • **Bhilai** AVN BAJAJ 7884252700, 9644066266 • **Durg** VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • **Dhamtari** TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • **Kanker** TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • **Bhanupratappur** TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • **Jagdalpur** T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789•**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424211576 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 **Dongargarh** KAKKAD BAJAJ 9028597766 • **Kawardha** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 **Pandatarai** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906. **Authorised Service Centre:** Abhanpur 9425510725, Ahiwara 8719067333, Ambagarh Chowki 9111155511, Arang 8224026403,8770906243, Bagbahara 9926161553, Balod 9770186691, Bakhara 7000627684, Basna 9753408127, Bemetra 8319906176, Berla 9644045882, Chandrakhuri 9826764123, Charama 9406445493, Charoda 990744880, Chhuriya 7999113621, Dallirajhara 9589956199, , Dantewada 9425594844, Dongargaon 8770405245, Farasgaon 9986433880 , Gariyaband 7777888487, Gidhori 9425202238, Gunderdehi 9752027700, Jhalap 9753559579, Kasdol 9826142260, Keshkal 9986433880, Khairagarh 7470888488, Komakhan 8319131967, Kondagaon 9986433880, Kurud 7470499500, Nagri 9109099900, Nawagarh 9981235777, Nayapara 9826433867,8602057777, Pakhanjur 9425593572, Pandaria 7470991444, Patan 9752756264, Pirda 9977377533, Pithora 9713118410, Rajim- 8602057777, Risali 9098847683, Sankra 8120008091, Sargaon 700079773, Singhanpur 9713848382, Tilda 9329068989, Tendukona 9425512175 , Utai 7879043998.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com